**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 90 लखनऊ, शुक्रवार 15 नवंबर 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## कांग्रेस ने गरीबी हटाने के नाम पर गरीबों को लूटा, पीएम मोदी का बड़ा आरोप, वोट पाने के लिए देश के साथ कर लरे खिलवाड़

एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पनवेल में विशाल जनसभा संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र को विकसित भारत के विजन का नेतृत्व करना है, बीजेपी और महायुति इसी संकल्प को लेकर काम कर रहे हैं। अपने संबोधन की शुरूआत में मोदी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे एक बार फिर रायगढ़ की इस मिट्टी को फिर से नमन करने का अवसर मिला है। रायगढ़ से मेरा एक आत्मीय और भावात्मक संबंध है। उन्होंने कहा कि 2013 में जब भाजपा ने मुझे पीएम पद का उम्मीदवार बनाया था, तब मैंने रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की



समाधि पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया था। मोदी ने कहा कि 23 तारीख को जो नतीजे आने वाले हैं, उसकी गारंटी यहां दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हमें स्वराज की शपथ दिलाई थी। हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वराज के साथ–साथ सुराज के संकल्प को आगे बढ़ाना है। स्वराज का ये संकल्प तब पूरा होगा जब हमारा गरीब आगे बढ़ेगा। इस संकल्प की सिद्धि का काम केवल भाजपा और महायुति सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तो हमेशा गरीब को गरीब बनाए रखने के एजेंडे पर ही काम किया है। पीढ़ी दर पीढ़ी ये लोग केवल गरीबी हटाओ का झूठा नारा देते रहे। गरीबी हटाओ के नारे के नाम पर कांग्रेस ने गरीबों को ही लूट लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए मेरा गरीब, जिंदगी की मुश्किलों से बाहर नहीं आ पाया। आजादी के 70 साल बाद भी देश के ज्यादातर लोग रोटी, कपड़ा और मकान पाने के लिए जूझते रहे। पिछले 10 वर्षों में पहली बार ये हालात बदले हैं। पहली बार कोई सरकार 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाई है। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार की नीतियां आज शोषितों और वंचितों की ताकत बन रही है।

## यूपीपीएससी विवाद के बीच योगी सरकार के फैसले पर अखिलेश यादव का तंज

लखनऊ संवाददाता।

प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों और उत्तर प्रदेश लोक सेवा के बीच गतिरोध गुरुवार को समाप्त हो गया जब मुख्यमंत्री ने मांगों पर संज्ञान लिया और घोषणा की कि परीक्षा एक दिन में एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। फिलहाल यह घोषणा प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित है, आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी) प्रारंभिक परीक्षा के लिए एक समिति बनाई जाएगी। सोमवार से इन परीक्षाओं के अभ्यर्थी इस तर्क के साथ विरोध कर रहे थे कि अलग–अलग पालियों का मतलब अलग–अलग



प्रश्न पत्र होगा, जिससे बदले में उन छात्रों को फायदा होगा जिन्हें आसान प्रश्न मिले थे।योगी सरकार की इस घोषणा के बाद अखिलेश यादव ने तंज कसा है। अखिलेश ने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार को चुनावी गणित समझ आते ही जब अपनी हार सामने दिखाई दी तो वो पीछे तो हटी पर उसका घमंड बीच में आ गया है, इसीलिए वो आधी माँग ही मान रही है। उन्होंने फिर कहा कि अभ्यर्थियों की जीत होगी। ये आज के समझदार युवा है, सरकार इन्हें झुनझुना नहीं पकड़ा सकती। जब एक परीक्षा हो सकती है तो दूसरी क्यों नहीं। चुनाव में हार ही भाजपा का असली इलाज है। जब भाजपा जाएगी तब 'नौकरी' आएगी। पर सहमत हो गया है। अभ्यर्थियों की मांगों को स्वीकार करते हुए यूपीपीएससी ने गुरुवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा स्थगित कर दी और प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा पुराने पैटर्न पर आयोजित करने की घोषणा की। यह निर्णय पिछले तीन दिनों से प्रदर्शन कर रहे छात्रों के अनुरोध पर विचार करने के बाद आया है। सूत्रों ने बताया कि आरओध्एआरओ परीक्षा के तौर–तरीकों पर गौर करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। आयोग जल्द ही दोनों परीक्षाओं में बदलाव के संबंध में एक अलग नोटिस जारी करेगा। हालांकि यूपीपीएससी ने परीक्षा की तारीख पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, लेकिन प्रयागराज के डीएम रवींद्र कुमार ने कहा, ष्आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा परीक्षा (पीसीएस) की तारीख जल्द ही जारी की जाएगी।

## आप के महेश खींची बने एमसीडी के नए मेयर, बीजेपी उम्मीदवार किशनलाल को हराया

एजेंसी।

एमसीडी में एक बार फिर से आम आदमी पार्टी का मेयर बन गया है। आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार महेश खींची ने दिलचस्प मुकाबले में भाजपा उम्मीदवार किशन लाल को तीन वोटो से हराया है। दरअसल, गुरुवार को दिल्ली नगर निगम में मेयर डिप्टी मेयर पद के चुनाव हुए। मेयर पद के लिए कुल 265 वोट पड़े जिनमें से दो वोटो को अमान्य कर दिया गया। आप उम्मीदवार महेश खींची को जहां 133 वोट मिले वहीं भाजपा उम्मीदवार किशनलाल को 130




वोट से संतोष करना पड़ा। ऐसे में दिल्ली में 7 महीने की देरी के बाद नए मेयर मिल गया है। महेश खींची शैली ओबेरॉय की जगह लेंगे। अब तक शैली ओबेरॉय एक्सटेंशन पर थीं। दिल्ली में हर साल मेयर का चुनाव अप्रैल में होता है। लेकिन इस साल यह चुनाव 7 महीने की देरी से हुई। इसका कारण यह है कि पीठासीन अधिकारी तय करने वाली फाइल यह कहकर लौटा दी गई थी कि इस पर सीएम का रिकमेंडेशन नहीं है। उस वक्त दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में थे। लिहाजा वो रिकमेंड नहीं कर पाए जिसकी वजह से दिल्ली में मेयर का चुनाव लंबित रहा। दिल्ली में 2022 में निगम के चुनाव हुए थे जिसमें आम आदमी पार्टी के 134 पार्षद जीतकर आए थे। वहीं, कांग्रेस ने दिल्ली में मेयर चुनाव का बहिष्कार किया। पार्टी ने कहा कि वह चाहती है कि नया मेयर, एक दलित, पूरे एक साल का कार्यकाल पूरा करे, न कि छोटा कार्यकाल, जो अगले साल अप्रैल में समाप्त होगा। नाम न छापने की शर्त पर एक कांग्रेस पार्षद ने कहा कि हम सदन में उपस्थित होंगे लेकिन मतदान से दूर रहेंगे। हम चाहते हैं कि दलित मेयर को सिर्फ चार महीने के बजाय पूरा कार्यकाल मिले।

## केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे का बड़ा आरोप, वक्फ दावों के पीछे भू-माफिया का हाथ

एजेंसी।

नई दिल्ली एर्नाकुलम जिले के मुनंबम का दौरा करने के बाद यह टिप्पणी की, जहां लगभग 600 परिवार वक्फ बोर्ड द्वारा उस जमीन पर दावा करने का विरोध कर रहे हैं जिस पर वे रह रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए, करंदलाजे ने समूह पर लैंड जिहाद करने का आरोप लगाया। मुनंबम के निवासियों के पास 2019 तक यह जमीन थी, और इसे पूर्वव्यापी रूप से उन्हें वापस दे दिया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने गुरुवार को दावा किया कि एक शक्तिशाली भू–माफिया झूठे वक्फ दावों का इस्तेमाल कर किसानों और गरीबों से जमीन लेने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने एर्नाकुलम जिले के मुनंबम का दौरा करने के बाद यह टिप्पणी की, जहां लगभग 600 परिवार वक्फ बोर्ड द्वारा उस जमीन पर दावा करने का विरोध कर रहे हैं जिस पर वे रह रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए, करंदलाजे ने समूह पर लैंड जिहाद करने का आरोप लगाया। मुनंबम के निवासियों के पास 2019 तक यह जमीन थी, और इसे पूर्वव्यापी रूप से उन्हें वापस दे दिया जाना चाहिए।उन्होंने सवाल किया कि 1954 में जब वक्फ अधिनियम पारित किया गया था, वक्फ बोर्ड के पास देश भर में केवल 10,000 एकड़ जमीन थी। आज, यह 38 लाख एकड़ के साथ, रक्षा और रेलवे के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा जमीन मालिक है। यह सारी जमीन कहां से आई? उन्होंने कहा कि पूरे देश में इसी तरह भूमि अधिग्रहण हो रहा है। "पहले, भूमि रिकॉर्ड में किसान और अन्य मालिक दिखाए जाते थे, लेकिन अब वक्फ बोर्ड इन जमीनों पर दावा कर रहा है। अकेले कर्नाटक में, लगभग 29,000 एकड़ जमीन मुस्लिम नेताओं ने ले ली है। करंदलाजे, जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम और श्रम और रोजगार राज्य मंत्री हैं, ने प्रदर्शनकारियों से वादा किया कि वह उनकी चिंताओं को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति के सामने लाएँगी। चेराई और मुनंबम के निवासियों का कहना है कि वक्फ बोर्ड गलत तरीके से उनकी जमीन और संपत्तियों पर दावा कर रहा है, जबकि उनके पास पंजीकृत दस्तावेज और कर भुगतान रसीदें हैं।

## विधायकों की कुर्बानी केजरीवाल के लिए होगी जीत की गारंटी ?

एजेंसी।

दिल्ली में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा के चुनाव होने है। अरविंद केजरीवाल लगातार इसकी तैयारी में लगे हैं। अरविंद केजरीवाल की नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की नजर हैट्रिक जीत पर है। 2015 और 2020 में अपने दम पर चुनाव जीतने वाली आम आदमी पार्टी के लिए इस बार की लड़ाई कहीं ना कहीं कई चुनौतियों से भरी हुई है। यही कारण है कि आम आदमी पार्टी और उसके नेता लगातार फूंक–फूंक कर कदम उठाने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दिनों केजरीवाल ने साफ कर दिया था कि इस बार उनकी पार्टी किस तरीके से अपने उम्मीदवारों पर फैसला लेगी। साथ ही साथ इस बात के भी संकेत दे दिए गए थे कि पार्टी इस बार के चुनाव में नए उम्मीदवारों पर भरोसा करने जा रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय और प्रवक्ता प्रियंका कक्कर की माने तो कहीं ना कहीं यह दावा किया जा रहा है कि सर्वे के आधार पर ही उम्मीदवारों का चयन होगा। ज्यादा से ज्यादा लोगों तक यह सर्वे किया जाएगा। सर्वे में यह भी पूछा जाएगा कि आपके इलाके के विधायक ने यहां कितना काम किया है? आप उनके काम से कितना संतुष्ट हैं? क्या आप चाहते हैं कि वह फिर से चुनाव लड़े? इन जवानों पर अगर स्थानीय विधायक खड़ा उतरते हैं, तभी उन्हें टिकट मिलने की संभावना है। दूसरी ओर इस बार आम आदमी पार्टी में भी बाहरी उम्मीदवार देखने को मिल सकते हैं। उदाहरण के लिए पार्टी के अंदर कांग्रेस छोड़कर आए मतीन अहमद और बीजेपी से आने वाले ब्रह्म सिंह तंवर को लेकर भी चर्चा है। ऐसे में अगर इन्हें टिकट दिया जाता है तो तुम मौजूदा विधायक का टिकट कटेगा।हालांकि, आम आदमी पार्टी में ही ऐसा हो रहा है, यह नहीं है। सभी पार्टियों में इस तरह के काम किए जाते हैं। लेकिन माना जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल कहीं ना कहीं सत्ता विरोधी लहर को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली शराब मामला और जेल जाने की प्रकरण के बाद से आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता में कमी आई है। आम आदमी पार्टी ने खुद को ईमानदार बताते हुए लोकसभा का चुनाव दिल्ली में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लड़ा था। बावजूद इसके



कोई फायदा नहीं हुआ। लेकिन सवाल यह है कि दिल्ली में एंटी इन कॉन्बेंसी किसके खिलाफ है? क्या सिर्फ विधायकों के खिलाफ है या फिर जो बड़े नेता है उनके खिलाफ भी है?राजनीतिक विश्लेषकों का दावा है कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर खुद के खिलाफ जो नाराजगी थी, उसे काम करने की कोशिश की है। साथ ही साथ एक सिंपैथी की भी उन्हें उम्मीद है। बताया जा रहा है कि शराब घोटाला और उसके बाद अरविंद केजरीवाल का जेल जाना दिल्ली में बड़ा मुद्दा चुनाव के दौरान बन सकता है। सिर्फ केजरीवाल ही नहीं, उनके भरोसेमंद मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भी इस मामले में जमानत पर बाहर है। अगर यह मुद्दा बनता है तो कहीं ना कहीं आम आदमी पार्टी के लिए विधानसभा में स्थितिया सामान्य नहीं रह सकती है। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर खुद के खिलाफ जो नाराजगी थी उसे कम करने की कोशिश जरूर की है। लेकिन यह पब्लिक है सब जानती है। साथ ही साथ इस बार के चुनाव में कांग्रेस से भी आम आदमी पार्टी को चुनौती मिलेगी। आम आदमी पार्टी को लगता है कि कहीं ना कहीं कांग्रेस इस बार दिल्ली में मजबूत हुई है। इतना ही नहीं आम आदमी पार्टी को यह भी लगने लगा है कि अल्पसंख्यकों का भरोसा कांग्रेस पर ज्यादा है। इतना ही नहीं, स्वाति मालीवाल वाले केस का भी असर आम आदमी पार्टी के परफॉर्मेंस पर पड़ सकता है।

## योगी सरकार ने दिखाया बड़ा दिल, प्रयागराज में आंदोलन कर रहे छात्रों की मांग पूरी, परीक्षा को लेकर किया बड़ा ऐलान

संवाददातां

लखनऊ छात्र यूपीपीएससी की एक ही दिन में परीक्षा आयोजित करने की पुरानी प्रथा को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने घोषणा के खिलाफ सबसे पहले सोमवार को यूपीपीएससी मुख्यालय पर धरना दिया, यहां तक कि बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने उन्हें तितर–बितर करने की कोशिश की।पेपर शेड्यूल को लेकर चल रही हलचल के बीच, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 को एक ही पाली में आयोजित करने पर सहमत हो गया है। अभ्यर्थियों की मांगों को स्वीकार करते हुए यूपीपीएससी ने गुरुवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा स्थगित कर दी और प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा पुराने पैटर्न पर आयोजित करने की घोषणा की। यह निर्णय पिछले तीन दिनों से प्रदर्शन कर रहे छात्रों के अनुरोध पर विचार करने के बाद आया है। सूत्रों ने बताया कि आरओध्एआरओ परीक्षा के तौर–तरीकों पर गौर करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। आयोग जल्द ही दोनों परीक्षाओं में बदलाव के संबंध में एक अलग नोटिस जारी करेगा। हालांकि यूपीपीएससी ने परीक्षा की तारीख पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है, लेकिन प्रयागराज के डीएम रवींद्र कुमार



ने कहा, ष्आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा परीक्षा (पीसीएस) की तारीख जल्द ही जारी की जाएगी। आपको बता दें कि आरओ–एआरओ और पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा दो अलग–अलग तारीखों पर आयोजित करने के अपने फैसले की घोषणा के बाद उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के खिलाफ प्रयागराज में छात्र फिछले कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र यूपीपीएससी की एक ही दिन में परीक्षा आयोजित करने की पुरानी प्रथा को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने घोषणा के खिलाफ सबसे पहले सोमवार को यूपीपीएससी मुख्यालय पर धरना दिया, यहां तक घ्कि बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने उन्हें तितर–बितर करने की कोशिश की। प्रयागराज में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थी मांग कर रहे हैं कि संभावित भ्रम से बचने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ–एआरओ) और प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन आयोजित की जाए। आयोग द्वारा 5 नवंबर को उक्त परीक्षाएं अलग–अलग दिन अलग–अलग पालियों में आयोजित करने की घोषणा के बाद विरोध शुरू हो गया। नोटिस के मुताबिक, समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ–एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को तीन पालियों में और और प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा 7 और 8 दिसंबर को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा कार्यक्रम ने छात्रों को नाराज कर दिया है और उम्मीदवारों ने बड़े पैमाने पर इसकी आलोचना की है, जो अब आयोग के विरोध में धरना और कैंडल मार्च निकाल रहे हैं। महिलाओं सहित अधिकांश प्रदर्शनकारियों ने खुले आसमान के नीचे रात बिताई, जबकि जो लोग घर चले गए थे वे आयोग के गेट पर आंदोलन में शामिल होने के लिए सुबह लौट आए। इससे पहले बुधवार को छात्र प्रयागराज में यूपीपीएससी कार्यालय के गेट नंबर 2 के बाहर एकत्र हुए और अपनी मांगों को लेकर नारे लगाए। इस बीच, उत्तर प्रदेश पुलिस ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की परीक्षा एक ही पाली में आयोजित करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ के मामले में 12 व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## कर्नाटक में कांग्रेस नेता के घर से 70 लाख की शराब बरामद, बीजेपी ने किया बड़ा दावा

एजेंसी।

कर्नाटक एक्स पर बीजेपी के आधिकारिक हैंडल से किए गए ट्वीट में कहा गया कि उडुपी में एक कांग्रेस नेता के घर पर 70 लाख की व्हिस्की मिली! अगर यह सिर्फ एक कांग्रेस नेता है, तो बाकी लोग कितना छुपा रहे हैं? एक्साइज घोटाला 700 करोड़ से भी ज्यादा का है। बालक बुद्धि राहुल गांधी जी, कर्नाटक को महाराष्ट्र चुनाव के लिए और कितने पैसे की जरूरत है? कृपया उत्तर दें। बीजेपी ने राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं से जवाबदेही की मांग करते हुए रुैबंउहतमे हैशटैग का इस्तेमाल किया। उडुपी में बड़ी शराब छापेमारी के बाद कर्नाटक बीजेपी को सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला करने के लिए ताजा गोला–बारूद मिल गया। इस छापेमारी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष और बोला सहकारी समिति के प्रमुख निदेशक अविनाश मल्ली शेट्टी के घर पर 50 लाख रुपये से अधिक की व्हिस्की बरामद हुई। यह छापेमारी उडुपी के एक्साइज डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर रेंज द्वारा की गई थी, जिसमें व्हिस्की का एक बड़ा जखीरा जब्त किया गया था, शेट्टी अब कथित तौर पर फरार है। बीजेपी कर्नाटक ने एक्स पर खबर साझा की,



जिसमें आरोप लगाया गया कि छापे के निष्कर्ष राज्य में बड़े ष्शराब घोटाले से जुड़े हो सकते हैं।एक्स पर बीजेपी के आधिकारिक हैंडल से किए गए ट्वीट में कहा गया कि उडुपी में एक कांग्रेस नेता के घर पर 70 लाख की व्हिस्की मिली! अगर यह सिर्फ एक कांग्रेस नेता है, तो बाकी लोग कितना छुपा रहे हैं? एक्साइज घोटाला 700 करोड़ से भी ज्यादा का है। बालक बुद्धि राहुल गांधी जी, कर्नाटक को महाराष्ट्र चुनाव के लिए और कितने पैसे की जरूरत है? कृपया उत्तर दें। बीजेपी ने राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं से जवाबदेही की मांग करते हुए रुैबंउहतमे हैशटैग का इस्तेमाल किया। इस घटना ने कर्नाटक कांग्रेस के नेतृत्व वाले प्रशासन, विशेषकर राज्य के उत्पाद शुल्क विभाग में भ्रष्टाचार के भाजपा के आरोपों को फिर से हवा दे दी है। यह कर्नाटक वाइन मर्चेंट्स एसोसिएशन के पिछले आरोपों का अनुसरण करता है, जिसमें मंत्री आरबी थिम्मापुर सहित विभाग पर बार लाइसेंस और उत्पाद शुल्क हस्तांतरण के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि पिछले साल लगभग 1,000 अवैध लाइसेंस दिए गए, कथित तौर पर प्रति लाइसेंस 70 लाख रुपये तक की रिश्वत ली गई, जिससे संभावित रूप से भ्रष्टाचार का कुल आंकड़ा लगभग 700 करोड़ रुपये हो गया।

## भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा आईसीएमआर- अनुप्रिया पटेल

संवाददाता।

लखनऊ जैवचिकित्सा तथा वैज्ञानिक क्षेत्र में उसके योगदान का एक समृद्ध इतिहास है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की जा रहीं अनेक योजनाएं अनुसंधान विचारों और अवधारणाओं को आगे बढ़ाने में मददगार होंगी। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने देश में वैज्ञानिक नवाचार बढ़ाने में आईसीएमआर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के वैज्ञानिक परिदृश्य में संरचनात्मक बदलाव हो रहा है। पटेल ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के 113वें स्थापना दिवस पर आयोजित 'डीएचआर–आईसीएमआर हेल्थ रिसर्च एक्सिलेंस समिट 2024' में कहा कि आईसीएमआर भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है और जैवचिकित्सा तथा वैज्ञानिक क्षेत्र में उसके योगदान का एक समृद्ध इतिहास है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की जा रहीं अनेक योजनाएं अनुसंधान विचारों और अवधारणाओं को आगे बढ़ाने में मददगार होंगी।

# कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हरित ऊर्जा व सौर ऊर्जा पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया जाए – मनोहर लाल

लखनऊ(आरएनएस)। केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने उ0प्र0 में पहली बार आयोजित डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट (डीयूएम) 2024 के 8वें वार्षिक सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने विद्युत क्षेत्र में नई तकनीक और नवाचार को लेकर उद्यमियों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का भी फीता काटकर उद्घाटन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उद्यमियों से उनके उत्पाद से संबंधित नई तकनीकियों की जानकारी भी ली। इस संबंध में देशभर से आये ऊर्जा क्षेत्र के प्रतिनिधियों, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय व प्रदेश के विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्युत वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने, विद्युत उत्पादन, स्टोरेज, उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति, लाइनलास को कम करने तथा विभिन्न योजनाओं आदि के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने गुरूवार को लखनऊ के द सेन्ट्रम में आयोजित डीयूएम 2024 सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। सभी विद्युत कम्पनियों को इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए समन्वय बनाकर उत्पादन, वितरण के लिए कार्य करें, जिससे विद्युत उपभोक्ताओं पर न ज्यादा बोझ पड़े और न ही कम्पनियों को घाटा हो। हमें देश में विद्युत उत्पादन को बढ़ाना भी है साथ ही पूरे देश में सभी क्षेत्रों को ऊर्जा सुलभ हो, इसके लिए भी कार्य करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को सकुशल पूरा कर रहा है बल्कि आने वाले समय में अपने पड़ोसी देशों को भी विद्युत आपूर्ति करने में सक्षम होगा। उन्होंने लाइन हानियों को कम करने पर जोर दिया और कहा कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हरित ऊर्जा व सौर ऊर्जा पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने की सतत प्रक्रिया रही है। यह निरन्तर चलती रहेगी और इस क्षेत्र में नये–नये आयाम आयेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में 250 गीगावाट विद्युत की मांग है, जो कि लगातार बढ़ रही है। उन्होंने राज्यों में भी परमाणु आधारित बिजली संयंत्रों की स्थापना पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। वर्ष 2032 तक इसके 08 गीगावाट से बढ़कर 20 गीगावाट तक उत्पादन होने लगेगी। भारत सरकार 2030 तक 500 गीगावाट गैर जीवश्म ईधन से बिजली प्राप्त करने पर भी कार्य कर रही है। उन्होंने नेशनल रजिस्ट्री ऑफ रूफटॉप सोलर पोर्टल की लांचिग की।

केन्द्रीय मंत्री ने कार्यक्रम के पश्चात मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि देश के सभी राज्यों में ऊर्जा और शहरी विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों, संचालित योजनाओं की प्रगति व इसमें आ रही कठिनाइयों की जाकर समीक्षा की तथा नई योजनाओं व मुद्दों के संबंध में भी चर्चा की। उ0प्र0 में भी 13 व 14 नवम्बर को दो दिवसीय दौरे पर प्रदेश के ऊर्जा व नगर विकास के कार्यों की समीक्षा की तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में देशभर में बहुत से कार्य किये जा रहे हैं। आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे देश का लाइनलास 2020–21 में जो 27 प्रतिशत था वह अब घटकर साढ़े सोलह प्रतिशत हो गया है। जबकि देशभर का औसत लाइनलास 15 प्रतिशत है। इसीलिए प्रदेश में भी लाइनलास को कम करने व उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया है। प्रत्येक राज्य में उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे। प्रथम चरण का कार्य 31 मार्च, 2025 तक में पूरा किया जाना है। प्रदेश में भी सबसे पहले सरकारी कार्यालयों, सरकारी कालोनियों व सरकारी कर्मचारियों के यहां स्मार्ट मीटर लगाने का सुझाव दिया गया है। इसी प्रकार नगर विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सिटी ट्रांसपोर्ट, स्वनिधि योजना, ई–बस सेवा को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नगरीय एवं मेट्रो के क्षेत्र में उ0प्र0 अच्छा कार्य कर रहा है। इसी प्रकार आरआरडीएस मेरठ के कार्यों में भी तेज गति से कार्य हो रहा है। उन्होंने उ0प्र0 में ऊर्जा एवं नगर विकास के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की प्रगति से संतुष्टि व्यक्त की।

केन्द्रीय मंत्री की उपस्थिति में आल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन का भी गठन किया गया जो कि डिस्कॉम एवं वितरण क्षेत्र में सुधार के नए आयाम सुनिश्चित करेगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ० आशीष कुमार गोयल को इस संगठन का जनरल सेकेट्री बनाया गया तथा महाराष्ट्र के लोकेश चंद्रा को एसोसिएशन का चेयरमेन बनाया गया है। आज के कार्यक्रम में डॉ आशीष गोयल ने एसोसिएशन के कार्यों के संदर्भ में प्रस्तुतिकरण किया और कहा कि इस एसोसिएशन के माध्यम से देश के समस्त डिस्कॉम एवं वितरण क्षेत्र को और बेहतर करने में मदद मिलेगी।प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा ने कहा कि विद्युत व्यवस्था की बेहतरी के लिए तकनीकी का अधिकतम प्रयोग किया जा रहा है। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे से अधिक विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। प्रदेश को 24 घंटे आपूर्ति देने के लिए घाटे को कम करना होगा, जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सर्वाधिक 30,618 मेगावाट विद्युत आपूर्ति देने वाला राज्य बना है। प्रदेश में लाइन हानियों में भी कमी आई है। 2021–22 में जो 31 प्रतिशत थी वह अब 16 प्रतिशत हो गयी है। वर्ष 2034 तक की ऊर्जा जरूरतों के लिए थर्मल, हाइड्रो, सोलर एवं पीएसपी परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। आरडीएसएस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य बना है। सीबीजी उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है और रूफटॉप सोलर लगाने में तीन अग्रणीं राज्यों में है। बिजली उपभोक्ताओं की सेवाओं में काफी सुधार किया गया है। इसके लिए 1912, और 'संभव' की व्यवस्था संचालित है। ट्रस्ट बिलिंग के माध्यम से उपभोक्ता स्वयं अपने बिल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या शहर को देश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है। यहां पर 40 मेगावाट का सोलर प्लांट भी लगाया गया है। साथ ही स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट, सरयू में बोट आदि भी सोलर से संचालित हैं। प्रदेश के अन्य 16 नगरों को भी आगे सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। तकनीकी आधारित बिलिंग का भी सिस्टम बनाया जा रहा है। साथ ही सभी बैलेंस सीट भी तैयार की जा रही है, जिससे प्रदेश की विद्युत आपूर्ति को बढ़ाने में सुविधा होगी।नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा कि प्रदेश में पावर कास्ट को कम करना सबसे बड़ा चौलेंज है। प्रदेश के 3.45 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को भी विद्युत देना है। इसके लिए आपूर्ति और मांग का सही डाटा होना जरूरी है। आरडीएसएस एवं एमआईएसपी के कार्यों से विद्युत व्यवस्था में सुधार होगा। अपर मुख्य ऊर्जा नरेन्द्र भूषण ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान और विद्युत आपूर्ति के लिए आधुनिक तकनीकी बहुत जरूरी है। प्रदेश में विद्युत उत्पादन बढ़े। सौर ऊर्जा पर ध्यान दिया जा रहा है। यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल ने कहा कि सभी डिस्काम को घाटे से उबारने के लिए कार्य किया जायेगा,

## भाजपा की एक आदत पड़ गयी है, जनाक्रोश से डरकर आखिरकार बात तो वो मानने पर मजबूर होती है – अखिलेश यादव

लखनऊ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की एक आदत पड़ गयी है, जनाक्रोश से डरकर आखिरकार बात तो वो मानने पर मजबूर होती है, लेकिन तभी जब उसके सारे हिंसक तरीके नाकाम हो जाते हैं और जब उसकी नौकरी विरोधी नकारात्मक राजनीति पूरी तरह फेल हो जाती है। भाजपा हमेशा के लिए खत्म होने वाली है।

कहा है कि भाजपा की अहंकारी सरकार अगर ये सोच रही है कि वह प्रयागराज (इलाहाबाद) में यूपीपीएससी के सामने से आंदोलनकारी अभ्यर्थियों को हटाकर, युवाओं के अपने हक के लिए लड़े जा रहे लोकतांत्रिक आंदोलन को खत्म कर देगी, तो ये उसकी 'महा–भूल' है। आंदोलन तन से नहीं मन से लड़े जाते हैं और अभी तक ऐसी ताकत दुनिया में नहीं बनी जो मन को हिरासत में ले सके। अखिलेश यादव ने कहा कि इलाहाबाद में एक आंदोलनकारी दिव्यांग छात्रा की बैसाखी पुलिस ले गयी है, ये खबर बताती है कि भाजपाई और उनकी सरकार कितनी निर्दयी और संवेदनहीन है। ऐसी सरकार को बने रहने का कोई हक नहीं है। भाजपा घमंड के हिमालय पर चढ़ी हुई है। जो जितनी ऊँचाई पर होता है, उसका पतन भी उतना ही नीचे और तेजी से होता है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अहंकार से भरी भाजपा सरकार लाख कोशिशों के बाद भी आखिर में इलाहाबाद के जुझारू आंदोलनकारी युवक–युवतियों के सामने हारेगी और दिखावा ये करेगी कि सब गलती उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अधिकारियों की है। देश–प्रदेश चलाने के लिए जो प्रतिभावान युवा आईएएस, पीसीएस अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थी बनते हैं, उनमें इतनी अधिक समझ होती है कि वे ये बात आसानी से समझ सकें कि इस खेल के पीछे असल में कौन है। भाजपा के चेहरे से एक के बाद एक मुखौटे उतर रहे हैं और भाजपा का 'नौकरी विरोधी' चेहरा अभ्यर्थियों के सामने बेनकाब होता जा रहा है। अच्छा हो कि भाजपा नाटक करना छोड़ दे। भाजपा युवाओं के भविष्य को अपने भ्रष्टाचार से दूर रखे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अगर केवल चुनाव का गणित समझती है तो सुन ले कि पीसीएस, आरओ, एआरओ, लोवर सबोर्डिनेट जैसी अन्य प्रतियोगी छात्रों और उनके परिवार के लोगों को मिला लिया जाए तो ये संख्या लगभग 1 करोड़ होती है। अगर इस 'महा–संख्या' को लगभग 400 विधानसभा सीटों से भाग दें तो भाजपा के लगभग 25000 वोट हर विधानसभा सीट पर कम होंगे मतलब भाजपा दहाई के अंक में सिमट जाएगी। उम्मीद है, इस गणित को ही समझ कर आज ही भाजपा की हृदयहीन सरकार अत्याचार बंद करेगी और आंदोलनकारी युवाओं की लोकतांत्रिक जायज माँग को पूरा करेगी।

## काशी की प्रसिद्ध देव दीपावली कल, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे मुख्य अतिथि

लखनऊ(आरएनएस)। वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली कल शुक्रवार (15 नवंबर) को है। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस वर्ष लगभग 17 लाख दीपों से गंगा घाट जगमगाएंगे। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी देव दीपावली पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ मनाई जाएगी। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश के केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और राज्य सरकार के कई मंत्री उपस्थित रहेंगे।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि देव दीपावली काशी की धरोहर है, जो हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ती है। इस परंपरा का हिस्सा बनकर हम सभी गौरवान्वित महसूस करते हैं। गंगा के विभिन्न घाट दीपों की लड़ियों से जगमगाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रीन फायर क्रैकर शो, गंगा आरती, लेजर शो आदि विशेष आकर्षण के केन्द्र होंगे।जयवीर सिंह ने बताया कि देव दीपावली न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है, बल्कि यह विश्व भर के पर्यटकों का भी मन मोह लेती है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ की नगरी काशी पहुंच रहे हैं। पर्यटकों के ठहरने, भ्रमण करने, दर्शन–पूजन आदि की उत्तम प्रबंध किया गया है। गंगा के घाटों पर दीपों की पंक्तियां एक अविस्मरणीय शोभा का निर्माण करती हैं। देव दीपावली हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं गौरवशाली इतिहास का हिस्सा रही है।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पर्यटन में काशी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार इस अवसर पर काशी को साफ सुथरा बनाये रखने तथा दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उत्तम व्यवस्था करा रही है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के बाद यहां पर्यटकों की संख्या में बहुत ही तीव्र गति से वृद्धि हुई हैं। देश–प्रदेश की अर्थव्यवस्था में इसका बड़ा योगदान है।

## लखनऊ में क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी 15 नवम्बर से

लखनऊ।, ग्रामश्री संगठन की स्थापना 1995 में गुजरात की पहली महिला मुख्यमंत्री,आनंदीबेन पटेल (माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश) द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके उत्थान का समर्थन करना था। महिलाओं के हाथों को हस्तकला के साथ जोड़कर, संगठन ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की 75,000 महिलाओं के जीवन को एक नई दिशा दी है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह प्रदर्शनी सफेद बारादरी, केसरबाग, लखनऊ में आयोजित की जाएगी। इसका उद्घाटन 15 नवंबर 2024 को सुबह 10रू00 बजे माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश, श्रीमती आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी तथा उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता श्नंदीश द्वारा किया जाएगा।प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित अनारबेन पटेल (संस्थापक, ग्रामश्री और क्राफ्टरूट्स), लीना रावल (ट्रस्टी, ग्रामश्री), हसीमभाई (तसर सिल्क, झारखंड), दिनेशभाई सोनी (पिछवाई पेंटिंग, राजस्थान), अर्पिता दास (जामदानी बुनाई, पश्चिम बंगाल) उपस्थित थे द्य क्राफ्टरूट्स ग्रामश्री संगठन की एक शाखा है, जिसकी स्थापना 2008 में की गई थी, जो पारंपरिक और सांस्कृतिक कलाओं के कारीगरों को एक मंच प्रदान करती है, जो पीढ़ियों से भारत में चली आ रही हैं। यह उनके हस्तशिल्प को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करता है, जिससे कारीगरों को आजीविका मिलती है और इन भारतीय कलाओं की समृद्ध विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ती है। क्राफ्टरूट्स अब तक भारत के विभिन्न मेट्रो शहरों में, साथ ही दुबई, अमेरिका, सिंगापुर और अन्य देशों में 7 से अधिक प्रदर्शनियों का आयोजन कर चुका है, जिससे भारतीय सांस्कृतिक कलाओं की पहुंच व्यापक हुई है।

## पशु रोग अनुसंधान तथा निदान एवं विस्तार हेतु एक करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत पशु रोग अनुसंधान तथा निदान एवं विस्तार हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 01 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।

शासनादेश में निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रेक्षण, पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरणध्व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण–पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्ययध्उपयोग उसी मदध्प्रयोजन में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि वस्तुतः स्वीकृत की जा रही है।

## न्यायमूर्ति बी.आर. गवई बने नालसा के नए कार्यकारी अध्यक्ष

लखनऊ(आरएनएस)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) में 11 नवम्बर 2024 से न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, भारत को कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नामित किया गया है। यह घोषणा भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत की गई है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना 8 नवम्बर को राजपत्र में प्रकाशित की थी। ंदक पूर्व में यह पद मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के पास था। प्रचलित परंपरा के अनुसार, नालसा का कार्यकारी अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश होते हैं। न्यायमूर्ति गवई, जो पहले सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति (सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी) के अध्यक्ष थे, अब इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभालेंगे।

## खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा कई प्रभावी व ठोस कदम उठाए गए हैं। खाद्य प्रसंस्कृत पदार्थो के उत्पादन व विपणन के लिए भी सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। इस क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं व अनुदान आदि की व्यवस्था भी की गयी है।

## 71वें सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ

### ''सहकारिता मंत्रालय की नई पहलों के माध्यम से सहकारी आन्दोलन को सशक्त बनाना'' विषयक गोष्ठी का आयोजन

लखनऊ(आरएनएस)। उ0प्र0 कोआपरेटिव यूनियन लि. (पीसीयू) एवं इण्डियन कोआपरेटिव फारमर्स फर्टिलाइजर्स कोआपरेटिव लि0 (इफको) के संयुक्त तत्वाधान में ''71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह–2024'' के अवसर पर ''सहकारिता मंत्रालय की नई पहल के माध्यम से सहकारी आन्दोलन को सशक्त बनाना'' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन आज सहकारिता भवन के चौधरी चरण सिंह सभागार में किया गया। सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्व0प्र0) जेपीएस राठौर ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर राठौर ने ''सहकारिता'' हिन्दी मासिक पत्रिका के विशेषांक का विमोचन एवं पीसीयू की वेबसाइट ूण्नचबनण्बवण्पद को लांच भी किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सहकारिता मंत्री ने कहा कि मुझे बहुत हर्ष हो रहा है कि वर्ष 2021 में भारत सरकार द्वारा भारत के सहकारिता आन्दोलन के दृष्टिगत केन्द्रीय स्तर पर 06 जुलाई, 2021 को सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार का गठन किया गया। नव गठित सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अपनी संकल्प यात्रा ''सहकार से समृद्धि'' के अपेपवद – उपेपवद के अन्तर्गत कतिपय नवोन्मेषी पहल, भारत सरकार द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य प्राथमिक सहकारी कृषि ऋण समितियों को शीर्ष स्तर की सहकारी संस्था के रूप में विकसित करना, जिसके क्रम में सर्वप्रथम पैक्स के लिए आदर्श उपविधियाँ निर्गत की गई हैं, जिसके द्वारा पैक्स को बहुआयामी एवं बहुउद्देशीय स्वरूप का गठन एवं संचालित व्यवसाय का विविधीकरण के साथ–साथ पैक्स स्तर में कुशल प्रशासन के लिए विधिक एवं प्रशासनिक सुधार हुआ है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि इसी कड़ी में सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कुछ नई पहल और की गयी हैं जैसे–पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, नेशनल कोआपरेटिव डाटाबेस, प्रत्येक पंचायतध्गाँव में बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी, मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना, विश्व की सबसे बड़ी अन्न भण्डारण योजना, पी0एम0 जन औषधि केन्द्र के रूप में पैक्स, पैक्स द्वारा ग्रामीण पाइप जलापूर्ति, निर्यात के लिए राष्ट्रीय स्तर की नई बहु–राज्यीय सहकारी समिति, प्रमाणित बीजों के लिए राष्ट्रीय स्तर की नई बहु–राज्यीय सहकारी समिति, पैक्स के द्वारा नए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) का गठन, ई–सेवाओं की बेहतर पहुंच के लिए कॉमन सेवा केन्द्र के रूप में पैक्स, बैंक में कम्प्यूटराइजेशन, ए0आर0डी0बी0(एलडीबी) कम्प्यूटराइजेशन, आयुक्त एवं निबन्धक कार्यालय एवं सम्बन्धित जनपदीय कार्यालय का कम्प्यूटराइजेशन, एन.सी.सी.एफ. एवं नैफेड पोर्टल पर पैक्स के पंजीकरण आदि। राठौर ने कहा कि ''सहकार से समृद्धि'' को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश के हमारे सभी विभागीय अधिकारीध्कर्मचारी पूरी तन्मयता के साथ लगे हुए हैं, उनकी मेहनत का परिणाम है कि चाहे, सीएसी, जनऔषधि केन्द्र व पैक्स कम्प्यूटराइजेशन में आज राष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता विभाग, उ0प्र0 की अग्रणी भूमिका है, जिसमें से सीएससी संचालन में राष्ट्रीय स्तर पर उ0प्र0 सहकारिता विभाग प्रथम स्थान पर है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बी0एन0 सिंह, आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता, उ0प्र0 ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। सीजीएम नाबार्ड, पंकज कुमार ने सभी सहकारी बन्धुओं को अपने विचारों से अवगत कराया गया। उनके द्वारा प्रदेश के किसानों की आय को दोगुना करने हेतु सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई अभिनव नवाचारों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उ0प्र0 कोआपरेटिव यूनियन लि0 (पीसीयू) के प्रबन्ध निदेशक कान्त गोस्वामी ने कार्यक्रम में आये हुये मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों स्वागत एवं अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किय। उन्होंने बताया कि पी0सी0यू0 द्वारा ''सहकारिता मंत्रालय की अभिनव पहल के अंतर्गत प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र व कॉमन सर्विस सेन्टर खोले गये हैं जिससे समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को सहकारिता के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक विकास के अवसर प्रदान हो रहे हैं। गोस्वामी ने कहा कि पीसीयू व प्रदेश की अन्य सहकारी समितियाँ सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई नई पहलों का अनुसरण कर रही हैं जिससे हमें विश्वास है कि इन पहलों के माध्यम से प्रदेश का सहकारी आन्दोलन और भी सशक्त व मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सहकारी सप्ताह का विषय ''विकसित भारत के निर्माण में सहकारिताओं की भूमिका'' है। 14 से 20 नवम्बर तक पूरे सप्ताह प्रदेश की शीर्ष संस्थाओं द्वारा प्रत्येक दिवस अलग–अलग विषयों पर विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जायेगा जिससे सहकारिता आन्दोलन और अधिक लोकप्रिय एवं जनोपयोगी हो सकेगा।

डा0 आर0के0 नायक उप महाप्रबन्धक, इफको ने किसानों व सहकारी बन्धुओं को नैनो यूरिया व नैनो डीएपी उर्वरक की प्रयोग विधि व उससे होने वाले लाभ के विषय में विस्तृत रूप से परिचित कराया। उन्होंने कहा इफको द्वारा 190 ड्रोन किसानों को निःशुल्क दिये गये जिसके द्वारा इन उर्वरकों को फसलों पर अच्छे ढंग से छिड़काव किया जा सकेगा। किसानों को बाजार दर से 100 रूपये कम पर स्प्रेइंग करायी जाती है। उ0प्र0 राज्य में इफको ने 20 क्लस्टर गांव चयनित किये हैं जहाँ दो–दो हजार एकड़ पर 25 प्रतिशत अनुदान मार्जिन से नैनो उर्वरकों का छिड़काव कराया जा रहा है तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के 100 दिन कार्यक्रम का हिस्सा भी है। आर.के. कुलश्रेष्ठ, प्रबन्ध निदेशक यूपीसीबी ने अपने सम्बोधन में सहकारिता मंत्रालय की नई पहलों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि ये पहलें सहकारिता आन्दोलन को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होंगी।

## बिजनौर-बदायूं की ग्राम पंचायतों में पहुंची ड्रोन टीम

### वित्तीय वर्ष 2023–24 में किये गये कार्यों की जमीनी हकीकत देखेगी टीमें

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश में मनरेगा योजनांतर्गत किये गये कार्यों की ड्रोन तकनीकी से निरंतर निगरानी और निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामोन्मुखी योजनाओं का क्रियान्वयन जहां बेहतर तरीके से किया जा रहा है, वहीं योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में कहीं घालमेल न होने पाये ,इसके लिए सतत् रूप से निगरानी किये जाने की व्यवस्था की गयी है। मनरेगा योजनांतर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी व पैनी नजर रखने के भी सख्त निर्देश दिए गए हैं। मनरेगा कार्यों की ड्रोन तकनीक से वीडियोग्राफीध्फोटोग्राफी कर निगरानी का कार्य निरंतर जारी है। राज्य मुख्यालय स्तर पर तैनात टीमों द्वारा जनपदों में जाकर कार्यों की निरंतर ड्रोन तकनीक से वीडीयोग्राफीध्फोटोग्राफी का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में अब टीम जनपद बिजनौर और बदायूं में पहुंची टीम भ्रमण कर योजनांतर्गत किये गये कार्यों को परखेगी। मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्यस्थलों पर निगरानी ड्रोन प्रणाली के माध्यम से भी की जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशो के क्रम में राज्य मनरेगा मुख्यालय पर ड्रोन टीम तैनात की गयी थी। राज्य स्तरीय ड्रोन टीम का उपयोग मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षणध्निगरानी के लिये किया जा रहा है। आयुक्त, ग्राम्य विकास जी0एस0 प्रियदर्शी द्वारा जनपद बिजनौर और बदायूं की चिन्हित की गई 20–20 ग्राम पंचायत में वर्ष 2023–24 में मनरेगा के अन्तर्गत करायें गये ।

## मदिरा की बिक्री हेतु डिजिटल पेमेन्ट को बढ़ावा

लखनऊ(आरएनएस)। आबकारी आयुक्त डा0 आर्दश सिंह ने बताया कि प्रदेश में मदिरा के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण मदिरा उचित एवं निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध् कराये जाने के उद्देश्य से सभी प्रकार की मदिरा यथा देशी शराब, विदेशी मदिरा एवं बीयर की बिक्री अनिर्वाय रूप से पॉश मशीन से स्कैन कर किये जाने के सख्त निर्देश सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्थित मदिरा की सभी आपूर्तक इकाईयों, थोक अनुज्ञापनों व मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों पर पॉश मशीन उपलब्धज करा दी गई है। आयुक्त ने बताया कि उपभोक्ता बीयर खरीदते समय यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि विक्रेता द्वारा बीयर की बोतलध्कैन को स्कैन करने के पश्चात् ही बिक्री जा रही है। यदि बोतलध्कैन पर मुद्रित निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बीयर की बिक्री की जा रही है, तो तत्काल इसकी सूचना टोल फ्री नम्बर 14405 पर की जा सकती है। साथ ही व्हाॅट्सएप नम्बसर 9454466004 पर मैसेज भेजकर सूचित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बीयर के अतिरिक्त अन्य मदिरा का विक्रय भी पॉश मशीनों के माध्यम से अनिवार्य किया गया है।

आयुक्त ने बताया कि इसके अतिरिक्त् ग्राहकध्उपभोक्ताओं के लिए विशेषकर प्रत्येत बीयर की दुकानों पर बीयर की कैनध्बोतल को अनिवार्य रूप से स्कैन कर प्राप्त करने की एडवाइजरी चस्पा करने के निर्देश जारी किये गये है। साथ–साथ डिजिटल पेमेन्ट की सुविधा को बढ़ावा देने एवं ओवर रेटिंग की सम्भावना को रोकने के उद्देश्ये से मदिरा के प्रत्येक फुटकर अनुज्ञापन पर यूपीआई आईडीध् क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा उपलब्धु कराने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि यदि मदिरा की किसी फुटकर दुकान पर डिजिटल पेमेन्ट की व्यवस्था न हो तो तत्का्ल स्थानीय अधिकारियों को सूचित करने के अतिरिक्त उपरोक्त नम्बरों पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# इण्डिया–जापान टीचर्स एक्सचेंज प्रोग्राम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी सी.एम.एस. शिक्षिका

लखनऊ, 14 नवम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की शिक्षिका डा. शिक्षा त्रिपाठी एशिया पैसिफिक कल्चरल सेन्टर फॉर यूनेस्को के तत्वावधान में जापान में आयोजित हो रहे इण्डिया जापान टीचर्स एक्सचेंज प्रोग्राम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। सेन्टर फॉर इन्वायर्नमेन्ट एजूकेशन (सी.ई.ई.) के संयोजकत्व में इस प्रतिष्ठित टीचर्स एक्सचेंज प्रोग्राम हेतु पूरे देश से मात्र 8 शिक्षकों को चयनित किया गया है, जिनमें सी.एम.एस. शिक्षिका डा. शिक्षा त्रिपाठी भी शामिल हैं। भारत व जापान के बीच आयोजित यह एक्सचेंज प्रोग्राम 'एक्सप्लोरेशन ऑफ प्रोएक्टिव एण्ड कोलाबरेटिव लर्निंग टुवर्डस द रियलाइजेशन ऑफ सस्टेनबल सोसाइटी' थीम पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भारत और जापान के छात्रों के बीच अर्न्तसाँस्कृतिक सम्बन्धों व सद्भावना को बढ़ावा देने के साथ ही भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास हेतु एक–दूसरे के विचारों को साझा करना है। इस यात्रा के दौरान सुश्री त्रिपाठी जापान के शिक्षकों को सी.एम.एस. की अनूठी ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति पर विस्तार से चर्चा–परिचर्चा कर इसके सकारात्मक पहलुओं से अवगत करायेंगी।शिक्षा में गुणात्मकता को बढ़ाने एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा–परिचर्चा हेतु सी.एम.एस. शिक्षकों को समय–समय पर विभिन्न देशों के स्कूलों एवं विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित किया जाता रहा है। इसके साथ ही साथ विभिन्न देशों के प्रतिष्ठित स्कूलों की प्रधानाचार्या, शिक्षक एवं बच्चे समय–समय पर सिटी मोन्टेसरी स्कूल की अनूठी ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति के अध्ययन हेतु लखनऊ आते रहते हैं।






## धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

जिला बहराइच अंतर्गत नानपारा के विभिन्न विद्यालयों में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया बच्चों ने खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर चाचा जवाहरलाल नेहरू जी का जन्म दिवस मनाया। श्री कृपा राम जनजागृति हाई स्कूल अगैय्या में बच्चों ने विभिन्न स्टाल लगाए और बच्चों ने कबड्डी व दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता व प्राचार्य कृपा राम गुप्ता व अध्यापक शिवा सोनी, राम निवास यादव, अभिलाष यादव, प्रमोद यादव,राम कुमार, अमित, संदीप, वर्मा,उममे सलमा, साहिना परवीन,विसमा सैयद, अंकिता मौर्य, सहित विद्यालय परिवार का सभी वर्ग उपस्थित रहा।

## कोहरे के कारण खड़े ट्रक में घुसी बस

मेरठ संवाददाता। मेरठ करनाल हाईवे पर भूनी टोल प्लाजा के पास कोहरे के कारण यात्री बस खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में छह साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक सिपाही की हालत गंभीर है।

मेरठ करनाल हाईवे पर बुधवार देर रात यात्रियों से भरी बस लुधियाना, पंजाब से बहराइच जा रही थी। जैसे ही बस सरूरपुर क्षेत्र में भूनी टोल प्लाजा के पास पहुंची तो घने कोहरे के चलते खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। आगे की सीट पर बैठा कृष्णा (6) पुत्र आशीष निवासी धर्मपुर इकौना श्रावस्ती खिड़की शीशे में से निकलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बस में सवार यूपी पुलिस का सिपाही सुरेन्द्र कुमार पाठक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर चीख पुकार मच गई।

राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सरधना सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान छह वर्षीय कृष्णा की मौत हो गई। सुरेन्द्र की हालत गंभीर देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया। कृष्णा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सीओ सरधना संजय कुमार जायसवाल का कहना है कि किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

कोहरे का प्रकोप शुरू हो चुका है। सर्दी के मौसम में सड़क हादसे न हों, इसके लिए जरूरी है कि रिफ्लेक्टर लगाए जाएं, लेकिन देहात क्षेत्र में कोई ठोस काम होता नहीं दिख रहा है। मुख्य मार्ग पर भी रिफ्लेक्टर नहीं लगे हैं। ट्रैक्टर–ट्रॉलियों और कई ट्रकों में भी रिफलेक्टर नहीं लगे हैं। सड़क से कैट आई गायब हैं। इससे हादसे की आशंका बनी हुई है।

## ट्रैवल एजेंसी संचालक से 4.65 करोड़ रुपये ठगे

मेरठ संवाददाता। 1070 लोगों को थाईलैंड की ट्रिप पर भेजकर ट्रैवल एजेंसी संचालक अंकित कुमार गुप्ता से 4.65 करोड़ रुपये की ठगी की गई। अब रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अंकित कुमार गुप्ता ने नोएडा सेक्टर–58 स्थित एजेड बैंक फाइनेंस सर्विसेज कंपनी के सीईओ समीर मुस्तखान दीवान और प्रबंध निदेशक वसीम अकबर, वरुण कुमार व प्रदीप चौधरी के खिलाफ जानी थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बागपत रोड ग्रीनवुड कॉलोनी निवासी अंकित कुमार गुप्ता की एकेजी ट्रैवल्स के नाम से कंपनी है। एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि तीन जून 2024 को उनकी कंपनी की एजेड बैंक फाइनेंस सर्विसेज कंपनी के साथ व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए व्यापारिक डील हुई थी। उनकी कंपनी से एजेड कंपनी ने थाईलैंड ट्रिप के संबंध में संपर्क किया था। दोनों कंपनियों के बीच हुई डील के तहत करीब 1200 लोगों को थाईलैंड ट्रिप पर भेजना तय हुआ। इसमें प्रति व्यक्ति खर्च 43,500 रुपये तय हुआ था।

# प्रतापगढ़ के व्यवसायी के बेटे ने गंगा में लगाई छलांग

प्रयागराज संवाददाता। फाफामऊ पुल पर बुधवार शाम को प्रतापगढ़ के एक व्यवसायी के बेटे ने मोबाइल फोन और पर्स रखकर गंगा में छलांग लगा दी। राहगीरों ने उसे कूदते देखा पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने युवक के फोन से परिजनों को घटना की जानकारी दी। बुधवार दोपहर घटना स्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर युवक का उतराता हुआ शव मिला। युवक ने आत्महत्या क्यों कि इस बात को उसके परिवार वाले भी नहीं बता पाए।

प्रतापगढ़ के कुंडा थाने के पीरा नगर निवासी हरिकेश केसरवानी सिलाई सामग्री का थोक व्यवसाय करते हैं। निखिल केसरवानी (25) उनका इकलौता बेटा था। घर में माता–पिता अलावा एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। पिता ने बताया कि उनका बेटा 12 वीं तक की पढ़ाई करने के बाद उनके व्यवसाय में हाथ बंटाने लगा था। बुधवार शाम को वह किसी काम से निखिल के नंबर पर फोन करने लगे, लेकिन उसका फोन नहीं उठा। शाम करीब छह बजे घर पहुंचकर पत्नी सोना से बेटे के बारे में पूंछा तो उन्होंने बताया दोपहर करीब दो बजे फाफामऊ से घर आया था।

इसके बाद बाजार से थोड़ी देर में घर लौटने की बात कहकर निकला था, फिर कुछ पता नहीं चला।उसके थोड़ी ही देर बाद मेंहदौरी पुलिस चौकी के इंचार्ज ने उनके पास फोन कर चौकी पर बुलाया। यहां आने पर पुलिस ने उनके बेटे का फोन और पर्स देकर घटना की जानकारी दी। यह सुनते ही उनके होश उड़ गए। वहीं शाम होने की वजह से युवक की तलाश नहीं की जा सकी। उधर, बृहस्पतिवार दोपहर को घटना से करीब 500 मीटर दूर निखिल का शव पानी में उतराता मिला।

बृहस्पतिवार दोपहर बाद निखिल के पिता हरिकेश अपने परिजनों और रिश्तेदारों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि निखिल उनका इकलौता बेटा था। इस वजह से उसे कभी किसी चीज की कमी नहीं होने दी, जो कहता था उसे वह दिला देते थे। कुछ दिन पहले उसने कार लेने की बात कही थी। जल्द ही उसके लिए कार खरीदने वाले थे, लेकिन पता नहीं था कि उनका बेटा उन्हें इस तरह से बेसहारा छोड़कर चला जाएगा। यह कहते हुए हरिकेश फफक पड़े।



## वाटर पार्क देखकर छात्रा को पड़ा दौरा, सहेली व शिक्षकों ने पानी से निकाला

बरेली संवाददाता। हल्द्वानी से स्कूल टूर के साथ आई छात्रा को वाटर पार्क देखकर दौरा पड़ा और वह पानी में गिर पड़ी। पानी में गिरने पर वह डूबने लगी। उसकी सहेलियां व शिक्षकों ने उसे तत्काल बाहर निकाल लिया और निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। फिर बेहोशी में ही हल्द्वानी ले जाया गया। बीएम पब्लिक स्कूल हीरानगर हल्द्वानी से उप प्रधानाचार्य एकता साह, रमेश चंद्र गुरुरानी व रेनू कोलिया आदि के नेतृत्व में चार बसों से ढाई सौ बच्चे फन सिटी में घूमने आए थे। बच्चे नौ से 12वीं कक्षा के थे। स्लाइडिंग स्विमिंग पूल के पास पानी देखकर अचानक कक्षा 12 की छात्रा अंजलि रावत पुत्री राजेंद्र सिंह रावत निवासी नैनी व्यू कॉलोनी जयसिंह भगवानपुर हल्द्वानी को दौरा आ गया और वह पानी में गिर गई। पानी में गिरने पर वह डूबने लगी। उसकी सहेलियां व शिक्षकों ने उसे तत्काल बाहर निकाल लिया और निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां वह बेहोशी की हालत में थी। पुलिस ने परिजनों से वार्ता की। वह उसे इसी हालत में हल्द्वानी ले गए।



## बरेली में नाथ कॉरिडोर के मार्गों पर चमकेंगे डमरू, दिखेंगे त्रिशूल

बरेली संवाददाता। बरेली में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने नाथ कॉरिडोर के छह मार्गों का निर्माण तकरीबन पूरा कर दिया है। अब आगरा के ताजमहल मार्ग और लखनऊ के बेगम हजरत महल मार्ग की थीम पर इनको सजाने–संवारने की तैयारी शुरू हो गई है। कहां क्या विकसित किया



जा सकता है, बीडीए की टीम इसका आकलन कर रही है। बीडीए, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मिलकर इन मार्गों को सजाएंगे–संवारेंगे।

बीडीए प्रस्ताव तैयार कर रहा है। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में इसको अंतिम रूप दिया जाएगा। इन मार्गों पर रहने वाले लोगों, प्रतिष्ठानों, सरकारी विभागों और सामाजिक तथा व्यापारिक संगठनों का सहयोग लेकर मार्गों और चौराहों तथा मार्ग के दोनों ओर की दीवारों को विकसित करने की तैयारी है। बीडीए के उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने इसकी कवायद शुरू कराई है।

## एक लाख रुपये का इनामी भाड़े का हत्यारा और लुटेरा गिरफ्तार

कानपुर संवाददाता। यूपी एसटीएफ ने कर्नलगंज पुलिस के साथ मिलकर एक लाख के इनामी भाड़े के हत्यारे चतुर सिंह उर्फ चतुरभुज सिंह उर्फ त्रिभुवन सिंह उर्फ बाबा उर्फ कालिया को लाल इमली के पीछे वाली गली से सुबह पांच बचे धर दबोचा। उसके खिलाफ कानपुर और हमीरपुर में अपहरण, हत्या, लूट और गैंगस्टर समेत कई संगीन ६ ाराओं 13 मामले दर्ज है। एसटीएफ ने पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

एसटीएफ प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हमीरपुर में ६ र्मेंद्र यादव ने 10 लाख रुपये में अपनी बहन अमन की हत्या की सुपारी घाटमपुर के जलाला गांव निवासी चतुर सिंह को दी थी। चतुर सिंह ने साथी वीर सिंह व कल्लू यादव के साथ मिलकर अमन को उसके दो बच्चों संग अगवा कर लिया, फिर हत्या कर शव हमीरपुर के जंगल में फेंक दिया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। हमीरपुर पुलिस ने उसपर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया तो यूपी एसटीएफ रडार पर वह भी आ गया। जांच में पता चला कि चतुर मध्य प्रदेश के भिंड व मुरैना के बीहड़ में छिपा है।

वह किसी की हत्या की साजिश रच रहा है और किसी से मिलने कानपुर आ रहा है। एसटीएफ के मुताबिक सटीक सूचना पर एसटीएफ ने कर्नलगंज पुलिस के साथ कर्नलगंज क्षेत्र के लालइमली के पीछे वाली सड़क से गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ के मुताबिक चतुर सिंह मूल रूप से कानपुर देहात के सिकंदरा थानाक्षेत्र के हाजीपुर गांव का रहने वाला है। चतुर सिंह पर कानपुर नगर, देहात, हमीरपुर जिले में गैंगस्टर, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, आर्म्स एक्ट, लूट समेत कई गंभीर धाराओं के मामले दर्ज हैं।

आरोपी चतुर सिंह ने हाल ही में एक और कारोबारी की सुपारी ले ली थी। एसटीएफ के अनुसार भिंड–मुरैना के जंगलों में छुपकर दूसरी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

एसटीएफ को उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा, दो 315 बोर के कारतूस, एक 315 बोर खोखा कारतूस, एक की पैड वाला मोबाइल फोन, 2100 रुपये नकद मिले हैं।



## फैक्टरी में काम करते वक्त मशीन से कटे युवती के दोनों हाथ

कानपुर संवाददाता। रूमा औद्योगिक क्षेत्र स्थित साइकिल के पैडल तथा गद्दी बनाने की फैक्टरी में काम करते वक्त मशीन की चपेट में आने से एक युवती के दोनों हाथ कट गए। कंपनी के संचालक ने इलाज कराने का आश्वासन दिया, लेकिन कुछ दिन बाद पल्ला झाड़ लिया। परेशान युवती ने फैक्टरी मालिक अंकित अरोड़ा समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

महाराजपुर के महुआ गांव निवासी युवती कुंती (24) ने बताया कि वह पिछले चार साल से फैक्टरी में ग्लैंडर मशीन बनाने का काम करती थी। मशीन पहले ऑटोकट थी, लेकिन पिछले कुछ समय से मशीन का स्टार्टर काम नहीं कर रहा था, जिसकी शिकायत उसने कई बार कंपनी के मालिक अंकित अरोड़ा से की थी। कोई सुनवाई नहीं हुई। दूसरा काम करने को कहा तो उससे जबरिया मशीन चलाने के लिए जोर दिया।

27 सितंबर की दोपहर करीब चार बजे बिजली जाने के बाद वह मशीन के पास बैठी थी। इस बीच मालिक ने मशीन की सफाई करने के लिए कहा। इसी दौरान बिजली आने से मशीन चलने लगी और उसके दोनों हाथ कंधे से कट गए। हादसे के बाद कंपनी के मैनेजर तथा मालिक ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां 19 दिन उपचार कराने के बाद पैसे देने बंद कर दिए। युवती और उसके परिजनों ने इलाज के लिए कहा तो धमकी देने लगे। महाराजपुर थानाप्रभारी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता ने बताया कि उसके माता पिता की बचपन में ही मौत हो गई थी। भाइयों ने ही उसका पालन पोषण किया। भाइयों की शादी होने के बाद वह भी अपने परिवार में व्यक्त हो गए।

## चोरों ने लाखों की नगदी के साथ आभूषण पर किया हाथ साफ

बलिया संवाददाता। चिलकहर स्थित गड़वार थाना क्षेत्र के कुरेजी अमतहापुर में बुध् ावार की रात चोरों ने छत के सहारे घर में प्रवेश कर बक्से में रखे 1.20 लाख नगद तथा लाखों के आभूषण और कीमती कपड़ों पर हाथ साफ कर दिया। बक्से को छत पर ही तोड़कर उसमें रखा सारा सामान लेकर चंपत हो गए।

परिजनों ने बृहस्पतिवार सुबह देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच की। क्षेत्र में लगातार हो रही छिनैती व चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत व्याप्त है।

गड़वार थाना क्षेत्र के कुरेजी निवासी हरेंद्र गुप्ता का परिवार बुधवार की रात भी खाना खाकर सो गया। चोरों ने छत के सहारे मकान में प्रवेश किया। कमरे में रखा बक्सा उठाकर लेकर चले गए। छत पर ताला तोड़ उसमें रखे 1.20 लाख नगद, करीब तीन लाख रुपए के जेवरात और कीमती कपड़े उठाकर लेकर चले गए।

परिजनों के अनुसार हरेंद्र गुप्ता के दोनों पुत्र बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं। छठ पर्व में आए थे। गृह प्रवेश और बड़े पुत्र के छठिहार के लिए पैसा जुटा कर रखा था। परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल रहा।





## बैकुंठ चतुर्दशी पर काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजा का आयोजन

वाराणसी संवाददाता। श्री काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजा एवं आरती का आयोजन किया गया। आज की यह विशेष पूजा श्री हरि भगवान विष्णु के समस्त प्रधान विग्रह पर की गयी। इस दौरान भक्तों ने जयकारा लगाया। बताते चलें कि बैकुंठ चतुर्दशी कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है, जिसे विशेष रूप से भगवान विष्णु की पूजा एवं आराधना का दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु की योग निद्रा समाप्त होती है और वे बैकुंठ लोक से जागकर सृष्टि की गतिविधियों में सक्रिय हो जाते हैं। इस दिन की पूजा और आराधना से व्यक्ति के जीवन में शांति, समृद्धि, और सुख–शांति की प्राप्ति होती है। विशेष रूप से भगवान विष्णु की कृपा से भक्त को बैकुंठ लोक की प्राप्ति हेतु श्री हरि के भक्त आराधना करते हैं। आज के इस पावन अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्री हरि विष्णु के समस्त प्रधान विग्रहों पर विशिष्ट पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। धाम स्थित शंकराचार्य चौक में वेद पारायण का भी आयोजन संपन्न हुआ।



# एलन मस्क एलन की कंपनी स्टारलिंक क्या वाकई भेड़ की खाल में छिपा भेड़िया है ?

हम आपको बता दें कि स्टारलिंक के बारे में एक चौंकाने वाला अध्ययन भी सामने आया है। शोध संस्थान 'कूटनीति फाउंडेशन' ने अमेरिकी दिग्गज कंपनी स्टारलिंक के अमेरिकी खुफिया तथा सैन्य एजेंसियों के साथ गहरे संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा है कि यह राष्ट्रीय हितों में बाधक बन सकते हैं।एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक भारत में उपग्रह ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा देना चाहती है। स्टारलिंक चाहती है कि वह भारत में जल्द से जल्द कारोबार शुरू करे। इस संबंध में एलन मस्क ने अपनी भारत यात्रा की घोषणा भी की थी लेकिन फिर उन्होंने इसे टाल दिया था। अब एलन मस्क को डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में अहम जिम्मेदारी मिल गयी है। ट्रंप प्रशासन में भारत से संबंध प्रगाढ़ करने की इच्छा रखने वाले लोगों की बहुतायत है। खुद एलन मस्क भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुरीद हैं। प्रधानमंत्री भी एलन मस्क की विभिन्न मौकों पर सराहना करते रहे हैं। इसलिए एक धारणा यह उभरी कि प्रधानमंत्री से अच्छे रिश्ते रखने वाले एलन मस्क को भारत में कारोबार करने के लिए आसानी से एंट्री मिल सकती है लेकिन भारत सरकार ने साफ कर दिया है कि स्टारलिंक ने अभी तक सुरक्षा मानदंडों को पूरा नहीं किया है और उसे उपग्रह संचार सेवाओं के लिए लाइसेंस तभी जारी किया जाएगा जब कंपनी भारत में सेवाओं के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा करेगी। इस बीच, स्टारलिंक के बारे में एक चौंकाने वाला अध्ययन भी सामने आया है। शोध संस्थान 'कूटनीति फाउंडेशन' ने अमेरिकी दिग्गज कंपनी स्टारलिंक के अमेरिकी खुफिया तथा सैन्य एजेंसियों के साथ गहरे संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा है कि यह राष्ट्रीय हितों में बाधक बन सकते हैं। स्टारलिंक को भेड़ की खाल में छिपा भेड़िया करार देते हुए कूटनीति फाउंडेशन ने कहा कि स्टारलिंक दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकी है, जिसकी सबसे बड़ी ग्राहक तथा प्रचारक अमेरिकी सरकार की खुफिया तथा सैन्य एजेंसियां हैं। हम आपको बता दें कि पुराने मोबाइल फोन सेवा प्रदाता वॉयस तथा इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार टावर का



इस्तेमाल करते हैं जबकि उपग्रह संचार या सैटकॉम में यह सेवा प्रदान करने के लिए उपग्रहों के समूह का इस्तेमाल किया जाएगा। चूंकि उपग्रहों का नियंत्रण देश के बाहर है, इसलिए कई सवाल खड़े हुए हैं। कूटनीति फाउंडेशन ने एक रिपोर्ट में कहा है कि स्टारलिंक उपग्रहों का समूह दुनियाभर में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं का एक नया रूप है, जो भौगोलिक सीमांकन तथा प्राकृतिक सीमाओं से परे है। दुनिया के हर नागरिक तक इसकी सीधी पहुंच है। हम आपको बता दें कि एलन मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स एक अमेरिकी खुफिया एजेंसी के साथ वर्गीकृत अनुबंध के तहत सैंकड़ों जासूसी उपग्रहों का एक नेटवर्क बना रही है। यूक्रेन युद्ध में स्टारलिंक उपग्रह संपर्क के इस्तेमाल के चलते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन और कंपनी के बीच विवाद खड़ा हो गया था। हम आपको याद दिला दें कि अरबपति एलन मस्क ने हाल ही में संपन्न अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन की पार्टी की कमला हैरिस के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप का खुलकर समर्थन किया था। एलन मस्क ने पिछले साल कहा था कि उन्होंने रूसी बेड़े पर हमले में सहायता के लिए अपने स्टारलिंक उपग्रह नेटवर्क को सक्रिय करने के यूक्रेन के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। कूटनीति फाउंडेशन ने मस्क की कंपनियों तथा अमेरिकी एजेंसियों के बीच कुछ अनुबंधों की खबरों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ये अमेरिका के खुफिया–सैन्य–औद्योगिक परिसर के हिस्से के रूप में स्टारलिंक के ज्ञात अनुबंध हैं लेकिन बहुत सारे गोपनीय समझौते तथा अनुबंध भी हैं जिनका खुलासा नहीं किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा यह सर्वविदित है कि स्टारलिंक के मालिक एलन मस्क विभिन्न निजी खुफिया कंपनियों के करीब हैं और अमेरिकी राजनीति में काफी सक्रिय व्यक्तित्व हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एलन मस्क के नेतृत्व वाली कंपनियां ब्राजील, यूक्रेन और ईरान जैसे देशों की संप्रभुता और लोकतंत्र का अनादर करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टारलिंक (बहुत स्पष्ट रूप से) भू–राजनीतिक नियंत्रण की एक प्रौद्योगिकी है, जिसे खुफिया तथा रक्षा बलों द्वारा अंतरिक्ष में प्रभुत्व और उसके जरिये भूमि पर नियंत्रण के लिए आगे बढ़ाया जा रहा है।वहीं, स्टारलिंक को भारत में प्रवेश देने संबंधी मुद्दे पर केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया की बात करें तो आपको बता दें कि केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक ने अभी तक सुरक्षा मानदंडों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि स्टारलिंक को उपग्रह संचार सेवाओं के लिए लाइसेंस तभी जारी किया जाएगा जब कंपनी भारत में सेवाओं के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा करेगी। मंत्री ने कहा कि सैटेलाइट इंटरनेट सेवा प्रदाता सभी आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रक्रिया में है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें लाइसेंस मिल जाएगा।हम आपको बता दें कि फिलहाल भारत सरकार ने भारती समूह समर्थित वनवेब और जियो–एसईएस के संयुक्त उद्यम जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस को लाइसेंस जारी किया है। दोनों कंपनियों ने अभी तक अपना परिचालन शुरू नहीं किया है, क्योंकि वे स्पेक्ट्रम आवंटन का इंतजार कर रही हैं। हम आपको यह भी याद दिला दें कि एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक कई वर्षों से भारतीय बाजार में प्रवेश करने की कोशिश कर रही है। 2022 में कंपनी को भारत सरकार द्वारा देश में उपभोक्ताओं को सभी प्री–बुकिंग राशि वापस करने का निर्देश दिया गया था। उस समय स्टारलिंक बिना लाइसेंस हासिल किए कनेक्शन की प्री–बुकिंग कर रहा था और अंततः उसे सरकार के आदेश का पालन करना पड़ा था। हम आपको यह भी बता दें कि बताया जा रहा है कि स्टारलिंक ने अपने हितधारकों के नाम और विवरण प्रस्तुत करने के भारत सरकार के अनुरोध का अब तक अनुपालन नहीं किया है। देखा जाये तो भारत सरकार के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि स्टारलिंक के हितधारक कौन हैं? भारत के लिए सुरक्षा बड़ा मुद्दा है और स्टारलिंक ने अभी तक अपने हितधारकों की जानकारी सरकार के साथ साझा नहीं की है। इसके अलावा और भी चीजें हैं जिन पर कंपनी को स्पष्टता देनी होगी। जैसे कि उपयोगकर्ताओं का डेटा कहां संग्रहित किया जाएगा और विशेष मामलों में डेटा अधिकारियों तक कैसे पहुंच सकता है? वैसे स्टारलिंक भारतीय बाजार को नजरअंदाज नहीं कर सकता क्योंकि इसका आकार बहुत विशाल है। एक अरब से अधिक लोगों वाला यह एक ऐसा बाजार है जिसे दुनिया की कोई भी कंपनी नजरअंदाज नहीं करना चाहेगी। स्टारलिंक पहले ही अपनी सेवाओं के साथ 100 से अधिक देशों तक पहुंच चुका है, लेकिन भारत एक ऐसा बाजार है जहां कंपनी का प्रवेश अब तक नहीं हो सका है। भारत में स्टारलिंक की अन्य चुनौतियों में से एक चुनौती यह भी है कि देश में सैटकॉम कंपनियों को स्पेक्ट्रम कैसे आवंटित किया जाएगा?

# हाई स्कूल ग्रेजुएशन स्पीच क्यों होने लगा वायरल ? ट्रंप ने दी है कौन सी जिम्मेदारी

सेंट जेवियर हाई स्कूल के 18 वर्षीय छात्र रामास्वामी वीडियो में आरंभिक भाषण देते हुए दिखाई दे रहा है। मास्वामी हाई स्कूल के दौरान अपनी यात्रा को बताते हुए कहते नजर आए कि मैं अपने पूरे हाई स्कूल करियर में दौड़ लगा रहा हूं, लेकिन अब, जब हम अंततः फिनिश लाइन को पार कर रहे हैं।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि एलन मस्क और पूर्व रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी नव निर्मित सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व करेंगे। रामास्वामी अगले साल 20 जनवरी से प्रभावी हो रहे ट्रंप 2.0 प्रशासन में किसी पद पर नियुक्त होने वाले पहले भारतवंशी हैं। बायोटेक उद्यमी के हाई स्कूल ग्रैजुएशन स्पीच का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। सेंट जेवियर हाई स्कूल के 18 वर्षीय छात्र रामास्वामी वीडियो में आरंभिक भाषण देते हुए दिखाई दे रहा है। मास्वामी हाई स्कूल के दौरान अपनी यात्रा को बताते हुए कहते नजर आए कि मैं अपने पूरे हाई स्कूल करियर में दौड़ लगा रहा हूं, लेकिन अब, जब हम अंततः फिनिश लाइन को पार कर रहे हैं। तो काश मैं थोड़ा पहले ही रुक जाता, और उस ताजी हवा की सांस लीजिए। इसके बाद वह सभी का स्वागत करते हुए कहते हैं, शिक्षकों, कर्मचारियों, सहपाठियों, परामर्शदाताओं और दोस्तों, मैं 2003 सेंट एक्स स्नातक समारोह में आपका स्वागत करना चाहता हूं।भारतीय–अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल थे लेकिन बाद में उन्होंने अपनी दावेदारी वापस ले ली और डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने का निर्णय लिया। प्राइमरी में खराब प्रदर्शन के बाद रामास्वामी ने जनवरी में अपनी दावेदारी छोड़ने और ट्रंप का समर्थन करने का फैसला किया। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज कर चुके डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को टेस्ला के मालिक एलन मस्क और भारतीय–अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी को 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' (सरकारी दक्षता विभाग) का काम सौंपा है। भारतीय प्रवासी के 39 वर्षीय पुत्र रामास्वामी पहले भारतीय–अमेरिकी हैं जिन्हें ट्रंप ने अपने प्रशासन में शामिल किया है। रामास्वामी अगले साल 20 जनवरी से प्रभावी हो रहे ट्रंप प्रशासन में किसी पद पर नियुक्त किए जाने वाले पहले भारतीय–अमेरिकी हैं। ट्रंप ने मंगलवार को घोषणा की कि मस्क और रामास्वामी सरकारी दक्षता विभाग या डीओजीई का



नेतृत्व करेंगे, जिसका उद्देश्य शासन में सुधार लाना और फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाना है। जाने–माने उद्यमी रामास्वामी ने राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी पेश की थी लेकिन प्राइमरी में खराब प्रदर्शन के बाद, रामास्वामी ने जनवरी में अपनी दावेदारी समाप्त करने और ट्रंप का समर्थन करने का निर्णय लिया था। रामास्वामी के पिता वी गणपति रामास्वामी पेश से इंजीनियर हैं, जबकि उनकी माता गीता रामास्वामी मनोचिकित्सक हैं। उनके माता–पिता केरल से अमेरिका चले गए थे। सिनसिनाटी, ओहियो में जन्मे और पले–बढ़े, भारतीय मूल के उद्यमी राष्ट्रीय स्तर के टेनिस खिलाड़ी थे। उन्होंने हार्वर्ड से जीव विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने अपनी खुद की बायोटेक कंपनी रोइवेंट साइंसेज शुरू की। बायोटेक उद्यमी की शादी अपूर्वा से हुई है, जो गले की सर्जन हैं और ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी वेक्सनर मेडिकल सेंटर में सहायक प्रोफेसर हैं। वे कोलंबस, ओहियो में रहते हैं और उनके दो बेटे हैं। ट्रंप ने कहा कि रिपब्लिकन नेताओं ने लंबे समय से डीओजीई का सपना देखा है। डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी सरकार को बाहर से सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करेगा तथा बड़े पैमाने पर संरचनात्मक सुधार लाने के लिए व्हाइट हाउस और प्रबंधन एवं बजट कार्यालय के साथ साझेदारी करेगा तथा सरकार में ऐसा उद्यमशील दृष्टिकोण पैदा करेगा जो पहले कभी नहीं देखा गया

होगा। उन्होंने कहा, ''मुझे आशा है कि एलन मस्क और विवेक रामास्वामी संघीय नौकरशाही में कार्यकुशलता को ध्यान में रखते हुए बदलाव करेंगे और साथ ही सभी अमेरिकियों के जीवन को बेहतर बनाएंगे।

# मेलानिया ट्रंप के बीच क्यों वायरल हुआ मेलानिया का ये वीडिया, दुनिया में सबसे ज्यादा...

मेलानिया ने एक बयान में कहा कि परिवर्तन प्रक्रिया शुरू करने के लिए उनके पति की ओवल ऑफिस में वापसी उत्साहजनक है और वह उनकी बड़ी सफलता की कामना करती हैं। ऐतिहासिक रूप से, इस परिवर्तन में निवर्तमान और आने वाली प्रथम महिलाओं के बीच एक बैठक शामिल है। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप को अमेरिका की फर्स्ट लेजी जिल बाइडेन ने व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया। जिल बिडेन के चाय के निमंत्रण को मेलानिया ने ठुकरा दिया है। मेलानिया अपने पति, निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ उनकी निर्धारित बैठक में शामिल नहीं हुईं। मेलानिया ने एक बयान में कहा कि परिवर्तन प्रक्रिया शुरू करने के लिए उनके पति की ओवल ऑफिस में वापसी उत्साहजनक है और वह उनकी बड़ी सफलता की कामना करती हैं। ऐतिहासिक रूप से, इस परिवर्तन में निवर्तमान और आने वाली प्रथम महिलाओं के बीच एक बैठक



शामिल है।बताया जा रहा है कि मेलानिया बाइडेन दंपत्ति से नाराज हैं। दरअसल, 2022 में उनके फ्लोरिडा स्थित आवास की एफबीआई ने तलीशी ली थी। कहा जा रहा है कि तब से ही वो इन लोगों से नाराज हैं। रिपोर्टों में याद दिलाया गया है कि कैसे अधिकारियों ने उसके निजी क्वार्टरों की भी तलाशी ली, जिसमें उसके ड्रेसर दराज भी शामिल थे, जिसके बारे में कुछ सूत्रों का कहना है कि इससे उसकी अनिच्छा बढ़ गई। कुछ लोगों ने मेलानिया के फैसले की आलोचना की है, एमएजीए हलकों में उनके समर्थकों ने इस कदम को उचित ठहराया है। 2018 एबीसी इंटरव्यू से वायरल वीडियो क्लिप फिर से सामने आई है जिसमें मेलानिया को प्रथम महिला के रूप में अनुभव की गई नकारात्मक सार्वजनिक टिप्पणी और मीडिया जांच के ट्रोल पर अपने विचार को साझा करते हुए दिखाया गया है। उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि मैं कह सकती हूं कि मैं सबसे ज्यादा बुली जाने वाली व्यक्ति हूं। दुनिया में सबसे ज्यादा धमकाए जाने वाले व्यक्तियों में से एक।

# 70 हजार डश्वलर दो तो मिलेगा प्रोटेक्शन, कनाडा की पुलिस अब कर रही हिंदुओं से हफ्ता वसूली ? सुरक्षा के बदले पैसे की डिमांड

भारतीय दूतावास द्वारा संचालित कांसुलर शिविरों को उचित सुरक्षा प्रदान करने में कनाडाई पुलिस की कथित विफलता पर विवाद के बीच कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि सुरक्षा एजेंसी ने हिंदू समूह से सुरक्षा शुल्क के बदले 70,000 डॉलर की मांग की। रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा में हिंदू संगठन सुरक्षा के बदले में पुलिस की मांग से नाराज हैं और सरकार पर उनके नागरिक अधिकारों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। खालिस्तानियों की गोद में बैठी ट्रूडो सरकार हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर तो कुछ खास करती नजर नहीं आ रही है। वहीं अब कनाडा की पुलिस भी हिंदू समुदाय पर ही दबाव बनाती नजर आ रही है। वैसे इस बारे में आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है। लेकिन एक तरफ तो खालिस्तानी समूहों की धमकियां मिल रही है तो दूसरी तरफ पुलिस द्वारा सुरक्षा के बदले पैसे की डिमांड ने सभी को हैरान करके रख दिया है। भारतीय दूतावास द्वारा संचालित कांसुलर शिविरों को उचित सुरक्षा प्रदान करने में कनाडाई पुलिस की कथित विफलता पर विवाद के बीच कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि सुरक्षा एजेंसी ने हिंदू समूह से सुरक्षा शुल्क के बदले 70,000 डॉलर की मांग की। रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा में हिंदू संगठन सुरक्षा के बदले में पुलिस की मांग से नाराज हैं और सरकार पर उनके नागरिक अधिकारों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि खालिस्तानी समूह कनाडाई पुलिस पर भारतीय दूतावास द्वारा चलाए जा रहे कांसुलर शिविरों को रद्द करने का दबाव बना रहा है। यह रिपोर्ट कनाडा में ब्रैम्पटन त्रिवेणी मंदिर द्वारा एक कांसुलर कार्यक्रम को रद्द करने के लगभग तीन दिन बाद आई है, क्योंकि कनाडाई पुलिस ने उन्हें हिंसक विरोध प्रदर्शन के अत्यंत उच्च और आसन्न खतरे के स्तर की चेतावनी दी थी। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित जीवन प्रमाणपत्र कार्यक्रम 17 नवंबर को मंदिर परिसर में निर्धारित किया गया था। यह पेंशन उद्देश्यों के लिए जीवन प्रमाण पत्र जारी करने के लिए वाणिज्य दूतावास के कई शिविरों का हिस्सा था। पिछले हफ्ते, टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि कनाडाई सुरक्षा अधिकारियों द्वारा अपने आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा संरक्षण प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त करने के बाद वह अपने कुछ निर्धारित कांसुलर शिविरों को रद्द कर रहा है। 3 नवंबर को ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में विरोध प्रदर्शन के बाद, विदेश मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के बारे में गहराई से चिंतित है।

# ट्रंम से मिले वाइडेन हाथ मिलाया, साथ भी बैठे, मगर दोनों के चेहरे पर तनाव साफ नजर आ रहा था

इस बैठक के बारे में व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कैरिन जीन–पियरे ने संवाददाताओं से कहा, ष्दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा और घरेलू नीतिगत मुद्दों पर चर्चा की।ष उन्होंने कहा कि लगभग दो घंटे तक चली यह बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण रही। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन से व्हाइट हाउस में मुलाकात की और सत्ता हस्तांतरण से जुड़ी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के अलावा विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अमेरिकी रुख के बारे में जानकारी हासिल की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने अमेरिकी परंपरा के तहत सत्ता के सहज हस्तांतरण का संकल्प जताया। दोनों नेताओं ने देश को अगले वर्ष 20 जनवरी को शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण का आश्वासन दिया है जोकि बड़ी बात है क्योंकि चार साल पहले ट्रंप ने बाइडन को सत्ता बहुत तनावपूर्ण माहौल में सौंपी थी। ट्रंप जब व्हाइट हाउस पहुँचे तो बाइडन ने उनका स्वागत किया और दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया। बाइडन ने ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई दी और कहा कि वह एक सहज सत्ता हस्तांतरण की आशा करते हैं।इस बैठक के बारे में व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कैरिन जीन–पियरे ने संवाददाताओं से कहा, ष्दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा और घरेलू नीतिगत मुद्दों पर चर्चा की।ष उन्होंने कहा कि लगभग दो घंटे तक चली यह बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण रही। बताया जा रहा है कि बाइडन ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति से कहा कि हम सुचारू रूप से सत्ता हस्तांतरण की आशा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको जो चाहिए, वह मिल जाए, इसके लिए हम सब कुछ करेंगे। रिपोर्टों के मुताबिक बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन और मध्य पूर्व के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। जीन–पियरे ने कहा कि बैठक के दौरान बाइडन ने अमेरिकी कांग्रेस के आगामी सत्र के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर जोर दिया, जिसमें सरकार को वित्त पोषण देना और आपदा राहत के लिए अतिरिक्त धन प्रदान करना शामिल था। हम आपको बता दें कि बैठक के दौरान बाइडन के चीफ ऑफ स्टाफ जेफ जिएंट्स और ट्रंप की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स भी मौजूद थीं। ट्रंप के आगमन पर उनका अभिनंदन करने के लिए प्रथम महिला जिल बाइडन भी आगे





आईं। व्हाइट हाउस ने कहा कि उन्होंने ट्रंप को उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप के लिए बधाई का एक हस्तलिखित पत्र दिया और परिवर्तन में सहायता के लिए अपनी टीम की तत्परता व्यक्त की।वहीं, व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने बैठक के दौरान ट्रंप को बताया कि यूक्रेन का समर्थन अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अच्छा है क्योंकि एक मजबूत और स्थिर यूरोप जरूरी है। वहीं ट्रंप ने अपनी इस मुलाकात के बारे में न्यूयॉर्क पोस्ट को जानकारी दी है कि उन्होंने और बाइडन ने अपनी बातचीत के दौरान मध्य पूर्व के बारे में बहुत बात की। न्यूयॉर्क पोस्ट में ट्रंप के हवाले से कहा गया है कि मैं इस बारे में उनके विचार जानना चाहता था कि हम कहां हैं। ट्रंप ने साथ ही कहा कि राजनीति कठिन है और कई मामलों में यह बहुत अच्छी दुनिया नहीं है, लेकिन आज यह एक अच्छी दुनिया है, और मैं इसकी बहुत सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव बहुत सहज है और यह जितना संभव हो उतना सहज होगा।उनके चेहरे पर साफ नजर आ रहा था। देखा जाये तो ओवल ऑफिस में निर्वाचित राष्ट्रपति का स्वागत करने का पारंपरिक शिष्टाचार है जिसे ट्रंप ने 2020 में बाइडन के जीतने पर नहीं निभाया था। ट्रंप और बाइडन सालों से एक–दूसरे की आलोचना करते रहे हैं। उनकी संबंधित टीमें भी विभिन्न मुद्दों की नीतियों पर काफी अलग राय रखती हैं। इसके अलावा, 81 वर्षीय बाइडन ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते रहे हैं तो वहीं 78 वर्षीय ट्रंप बाइडन को अक्षम बताते रहे हैं। जून में हुई प्रेजिडेंशियल डिबेट के बाद दोनों नेताओं की यह पहली महत्वपूर्ण बैठक थी। हालांकि बाइडन, ट्रंप और कमला हैरिस 11 सितंबर को न्यूयॉर्क में 9६11 के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने संबंधी समारोह में साथ दिखाई दिये थे।

# ब्राजील के उच्चतम न्यायालय के बाहर एक व्यक्ति ने खुद को बम से उड़ा लिया

'स्पीकर' आर्थर लिरा के अनुसार, लीओ ने जोखिमों से बचने के लिए बृहस्पतिवार को संसद बंद करने का सुझाव दिया। ब्राजील की सीनेट ने उनकी बात मान ली और निचला सदन दोपहर तक बंद रहेगा। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय में प्रवेश करने में असफल रहे एक व्यक्ति ने बुधवार को इमारत के बाहर विस्फोट कर, खुद को खत्म कर लिया। प्राधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना के बाद न्यायाधीशों और कर्मचारियों ने इमारत खाली कर दी और बाहर आ गए। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय



ने एक बयान में कहा कि सत्र समाप्त होने के बाद शाम को करीब साढ़े सात बजे दो बार तेज धमाकों की आवाज सुनी गई और सभी न्यायाधीश तथा कर्मचारी सुरक्षित रूप से भवन से बाहर निकल गए।अग्निशमन कर्मियों ने राजधानी ब्रासीलिया में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो जाने की पुष्टि की, हालांकि मृतक की पहचान नहीं की जा सकी। ब्राजील के संघीय जिले की लेफ्टिनेंट गवर्नर सेलिना लियो ने कहा कि संदिग्ध ने पहले संसद की पार्किंग में एक कार में विस्फोटक लगाया था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ।'स्पीकर' आर्थर लिरा के अनुसार, लीओ ने जोखिमों से बचने के लिए बृहस्पतिवार को संसद बंद करने का सुझाव दिया। ब्राजील की सीनेट ने उनकी बात मान ली और निचला सदन दोपहर तक बंद रहेगा।

ब्रासीलिया के थ्री पॉवर्स प्लाजा में उच्चतम न्यायालय के बाहर लगभग 20 सेकंड के अंतराल पर विस्फोट हुए, इस स्थान पर उच्चतम न्यायालय, संसद और राष्ट्रपति भवन सहित ब्राजील की मुख्य सरकारी इमारतें स्थित हैं।

विज़डम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शुक्रवार 15 नवंबर 2024

sheelshukla100@gmail.com

# भारत की नजरें सीरीज जीतने पर, फोकस रिंकू के फार्म और बल्लेबाजी क्रम पर




शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिये रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिये रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है।भारत फिलहाल सीरीज में 2 . 1 से आगे है लेकिन 3 . 1 से जीतने के लिये बल्लेबाजों पर महती जिम्मेदारी होगी। भारत के लिये वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी20 सीरीज में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी।

सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे। पिछली बार श्रृंखला 1 . 1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक मैच बारिश की भेंट हो गया था। टी20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रिंकू सिंह का फॉर्म भी चिंता का सबब है जो पिछले कुछ महीने से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं।ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। भारत में अगला टी20 विश्व कप 2026 में है और सूर्यकुमार के पास रिंकू में आत्मविश्वास भरकर उनके प्रदर्शन को ढर्रे पर लाने का पूरा समय है। स्पष्टता के अभाव में उनके जैसे हुनरमंद क्रिकेटर को खोने का जोखिम भारतीय टीम नहीं उठा सकती। मौजूदा श्रृंखला में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। निचले क्रम पर उतरने से 11, 9 या आठरन का स्कोर चिंता का विषय नहीं है लेकिन असल चिंता इस बात की है कि इसके लिये उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली। आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद।एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। रिंकू ने अधिकांश समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन जब संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर और तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर उतर रहे हैं तो रिंकू को हार्दिक पंड्या से पहले उतारना कठिन है।टीम प्रबंधन को इस मसले का तुरंत हल निकालना होगा। भारत ने अपने 15 में से 12 खिलाड़ियों को पहले तीन मैचों में आजमाया है और अब देखना है कि तेज गेंदबाज यश दयाल या विशाख विजयकुमार को पहला मौका मिलता है या नहीं। भारत सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू

सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक। आवेश खान, यश दयाल.दक्षिण अफ्रीकारू एडेन मारक्रम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रुगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिले सिमलेन,ट्रिस्टन स्टब्स।

# तिलक वर्मा ने संजू सैमसन के इस रिकार्ड को तोड़ा, टी20 में शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज

टीम इंजिया के इस जीत के नायक तिलक वर्मा रहे जिन्हें उनकी शतकीय पारी के लिए श्प्लेयर ऑफ द मैचश भी चुना गया। इस मैच में तिलक वर्मा को बल्लेबाजी के लिए प्रमोट करके तीसरे नंबर पर भेजा गया और उन्होंने ऐसी पारी खेली की प्रोटियाज अचंभित रह गए। भारत का पहला विकेट शून्य पर गिर गया था।भारत ने तीसरे टी20 मैच में साउथ अफ्रीका को हराकर 11 रन से करीबी जीत हासिल की। वहीं टीम इंजिया के इस जीत के नायक तिलक वर्मा रहे जिन्हें उनकी शतकीय पारी के लिए श्प्लेयर ऑफ द मैचश भी चुना गया। इस मैच में तिलक वर्मा को बल्लेबाजी के लिए प्रमोट करके तीसरे नंबर पर भेजा गया और उन्होंने ऐसी पारी खेली की प्रोटियाज अचंभित रह गए।तीसरे मैच में अभिषेक शर्मा ने पिछले कुछ मैचों की करार निकालते हुए 25 गेंदों पर 5 छक्के और 3 चौकों की मदद से 50 रन ठोक दिए जबकि तिलक वर्मा ने अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का पहला शतक लगाया और 56 गेंदों पर 7 छक्के और 8 चौकों की मदद से 107 रन की पारी खेल डाली। तिलक वर्मा ने अपनी इस पारी के बाद संजू सैमसन के इस रिकॉर्ड तो तोड़ने में सफलता हासिल की जबकि टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये उनकी बेस्ट व्यक्तिगत शतकीय साझेदारी भी की। तिलक वर्मा ने अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का पहला शतक 18वीं पारी में लगाया और वो भारत




की तरफ से सबसे कम पारियों में शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 9वें नंबर पर आ गए जबकि संजू सैमसन 10वें नंबर पर चले गए जिन्होंने अपनी 29वीं पारी में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पहला शतक लगाया था। इस लिस्ट में पहले स्थान पर अभिषेक शर्मा हैं जिन्होंने अपनी दूसरी पारी में ही ये कमाल कर दिया था जबकि दूसरे नंबर पर दीपक हुड्डा हैं जिन्होंने तीसरी पारी में शतक लगा दिया था। इस लिस्ट में आखिरी स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर के 96वीं पारी में शतक लगाया था।

# भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे मोहम्मद अमान, बिहार के वैभव सूर्यवंशी को स्क्वाड में मिली जगह

30 नवंबर से 8 दिसंबर 2024 तक यूएई में होने वाले ।ब्ब पुरुष न्19 एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे। भारत की 15 सदस्यीय टीम में 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी चुना गया है। बिहार के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी ने सितंबर 2024 में अंडर–19 टीम के लिए रेड बॉल फॉर्मेट में अपने पदार्पण मैच में 58 गेंद में शतक जड़क सबको प्रभावित किया था। मोहम्मद अम्मान की अगुवाई में भारतीय अंडर–19 टीम का ऐलान हो गया है। 30 नवंबर से 8 दिसंबर 2024 तक यूएई में होने वाले ।ब्ब पुरुष न्19 एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे। भारत की 15 सदस्यीय टीम में 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी चुना गया है। बिहार






के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी ने सितंबर 2024 में अंडर–19 टीम के लिए रेड बॉल फॉर्मेट में अपने पदार्पण मैच में 58 गेंद में शतक जड़क सबको प्रभावित किया था। वैभव ने तब अंडर–19 टेस्ट में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया था। वैभव ने 30 सितंबर 2024 को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया अंडर–19 टीम के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी। वैभव सूर्यवंशी का 58 गेंद में शतक केवल इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली से पीछे है। मोईन अली ने 2005 में इंग्लैंड अंडर–19 के लिए 56 गेंद में शतक लगाया था। वैभव ने अपनी पारी के दौरान 14 चौके और 4 छक्के लगाए थे। उन्होंने सिर्फ 62 गेंद में 104 रन बनाए थे। बिहार के समस्तीपुर के ताजपुर गांव से ताल्लुक रखने वाले वैभव का क्रिकेट में सफर बहुत कम उम्र में ही शुरू हो गया था। उन्होंने 9 साल की उम्र में पिचा संजीव सूर्यवंशी के साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था। संजीव सूर्यवंशी खुद बहुत बड़े क्रिकेट प्रेमी हैं। पिता ने शुरुआत में वैभव का मार्गदर्शन किया। वैभव सूर्यवंशी ने 2023 में बिहार के लिए कूच बिहार ट्रॉफी में खेला। तब उन्होंने झारखंड के खिलाफ 128 गेंद पर 151 रन समेत बनाए।

# इस पूर्व आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने की भविष्यवाणी, कहा– पर्थ टेस्ट मैच में भारत को 4 दिन में हरा देगी आस्ट्रेलिया

ब्रैंडन जूलियन ने फॉक्स क्रिकेट पर कहा कि, मुझे लगता है कि भारत बहुत ज्यादा दबाव में है। कप्तान उपलब्ध नहीं हैं, मध्यक्रम में विराट की फॉर्म खराब चल रही है। कोच गंभीर बाहर आकर अपने सीनियर खिलाड़ियों का बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं। जब कोई कोच ऐसा करता है तो आपको पता चल जाता है कि वहां थोड़ी परेशानी है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर ब्रैंडन जूलियन ने फॉक्स क्रिकेट पर कहा कि, मुझे लगता है कि भारत बहुत ज्यादा दबाव में है। कप्तान उपलब्ध नहीं हैं, मध्यक्रम में विराट की फॉर्म खराब चल रही है। कोच गंभीर बाहर आकर अपने सीनियर खिलाड़ियों का बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं। जब कोई कोच ऐसा करता है तो आपको पता चल जाता है कि वहां थोड़ी परेशानी है। मुझे लगता है कि वे बहुत ज्यादा दबाव में हैं। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम उन्हें पर्थ में हरा देगी। हमने उनके खिलाफ पिचली चार सीरीज में से कोई भी सीरीज नहीं जीती है इसलिए भारत को हराने का ये मौका है। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर उन पर दबाव बनाना होगा और आपको आक्रामक होना होगा। मुझे लगता है कि भारत के पास अनुभव है, उनके पास सबकुछ है, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज भारत को हराने का आदर्श समय है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे बहुत दबाव के साथ मैदान में उतरेंगे।मैच औ सीरीज में क्या कुछ हो सकता है? इस पर बात करते हुए ब्रैंड जूलियन ने आगे



जानें वहीं जूलियन ने आगे कहा कि, मुझे लगता है कि भारत बल्लेबाजी क्रम में संघर्ष करने जा रहा है और मुझे लगता है कि जैसा कि मैंने कहा कि हम उन्हें पहले टेस्ट मैच में 4 दिनों में हरा देंगे। आपको शुरू में ही के बाद वे पर्थ में लगातार चौथा मैच हार सकते हैं, फिर वे गुलाबी गेंद से टेस्ट मैच खेलने जाएंगे, जो पहले भी उनके लिए परेशानी का सबब था और फिर आप गाबा जाएंगे। इसलिए ये हमारे लिए कहा कि, उन्हें रोहित शर्मा की जगह लेने के लिए एक सलामी बल्लेबाज को भई चुनना होगा, इसलिए ऐसे संकते हैं कि हमें वहां बहुत अच्छे फॉर्म के साथ जाना चाहिए। हमारी गेंदबाजी अच्छी लग रही है,

# मोहम्मद शमी ने काटा गदर, मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूटे

मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी मुकाबले में गुरुवार को बंगाल के लिए चार विकेट चटकाए। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में चल रहे रणजी ट्रॉफी 2024–25 एलीट ग्रुप सी मैच में शमी ने मध्य प्रदेश की बल्लेबाजी इकाई की कमर तोड़कर रख दी। टीम इंडिया के अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी मुकाबले में गुरुवार को बंगाल के लिए चार विकेट चटकाए। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में चल रहे रणजी ट्रॉफी 2024–25 एलीट ग्रुप सी मैच में शमी ने मध्य प्रदेश की बल्लेबाजी इकाई की कमर तोड़कर रख दी। उन्होंने 19 ओवर में 54 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। शमी की शानदार गेदंबाजी के बदौलत 1 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाने वाली मध्य प्रदेश की टीम ने 61 रन पर 9 विकेट गंवाए। गेंद के साथ शमी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बंगाल ने मेजबानी टीम को 59 ओवर में 167 रन पर आउट करने और 61 रनों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली। शमी ने पहले दिन के खेल के तीसरे सत्र में बंगाल के लिए 10 ओवर फेंके, लेकिन विकेट लेने में नाकाम रहे। हालांकि, गुरुवार को उनका प्रदर्शन कुछ अलग ही रहा। उन्होंने अपनी टीम को मैच में शानदार वापसी करने में मदद की। शमी ने दूसरे दिन सबसे पहले मध्य




प्रदेश के कप्तान शुभम शर्मा को आउट किया। फिर ऑलराउंडर सारांश जैन को आउट किया। इसके बाद उन्होंने कुमार कार्तिकेय और कुलवंत खेजरोलिया को पवेलियन भेजा। कुमार कार्तिकेय ने 9 रन बनाए और कुलवंत खेजरोलिया खाता भी नहीं खेल पाए। शमी के भाई मोहम्मद कैफ ने 2 विकेट लिए। इसके अलावा सूरज संधू जायसवाल ने 2 और रोहित कुमार ने 1 विकेट अपने नाम किया।

# सिर्फ पांच साल तक खा लें अंगूर, फैट तो आसपास भी नहीं फटकेगा

पेट और कमर के आसपास जमी चर्बी लुक को भद्दा बनाने का काम करती है. आजकल ज्यादातर लोगों में इसकी समस्या देखी जा रही है. अगर आप इससे बचना चाहते हैं तो सिर्फ 5 साल तक नियमित तौर पर अंगूर खाएं. इस फल में इतनी ज्यादा ताकत है कि यह लाइफटाइम फैट को आपके आसपास भी फटकने नहीं देगा.

पसंदीदा मौसमी फलों में अंगूर का नाम भी आता है. एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर अंगूर न सिर्फ शरीर में कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल, ब्लड प्रेशर नॉर्मल करता है, बल्कि मोटापा और चर्बी को भी दूर रखता है. आइए जानते हैं इसके फायदे...

5 साल खाएं अंगूर, दूर रहेगी चर्बी

अंगूर प्रोसेस्ड फूड्स से फैट और शुगर को बाहर निकालने में मदद करते हैं और फास्ट फूड्स के साइड इफेक्ट्स से लड़ता है. इस रसदार फल में कई फायदेमंद केमिकल्स भरे होते हैं, जो आंत के गुड बैक्टीरिया को बढ़ावा देते हैं, कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करते हैं और



सूजन को कम करते हैं. इसे खाने से हार्ट अटैक और कैंसर का खतरा भी कम होता है. वेस्टर्न न्यू इंग्लैंड यूनिवर्सिटी के एक रिसर्च में खुलासा हुआ है कि कम से कम 5 साल तक अंगूर खाने से न्यूरॉन फंक्शन को बढ़ाता है, अल्जाइमर से सेफ्टी मिलती है और फैट हमेशा के लिए खत्म हो सकता है.

अंगूर फैटी लिवर रोकने में मददगारएक अन्य अध्ययन के अनुसार, अंगूर मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर कैलोरी बर्न करने में मदद करता है. खासतौर पर अल्जाइमर और गैर–अल्कोहल फैटी लीवर बीमारी को रोकने में मदद कर सकते हैं. रिसर्च के हेड डॉ. पेजुटो का कहना है कि अंगूर लाइफ को भी बढ़ाती है. इसे डाइट में शामिल करने से जीन प्रॉब्लम्स कंट्रोल होती हैं, ऑक्सीडेटिव डैमेज रुकता है, फैटी एसिड मेटाबॉलिज्म में सुधार आता है. ज्यादा फैट वाली चीजें खाने पर भी अंगूर शरीर में फैट जमा नहीं होने देता है.

अंगूर में कौन–कौन से पोषक तत्वविटामिन सी

विटामिन केफाइबर

पोटैशियम

एंटीऑक्सीडेंट

अंगूर खाने के अन्य फायदे

1. वजन कम करने में मदद करता है

2. पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है

3. शरीर को जरूरी पोषक तत्व देता है4. बीपी कंट्रोल करता है5. डायबिटीज का रिस्क घटाता है6. हार्ट हेल्दी बनाता है

7. कैंसर को रोकने में मदद करता है

# पेड़–पौधे लगाते समय हो जाएं सावधान, नहीं तो बढ़ सकता है इन 6 बीमारियों का खतरा

क्या आप भी अपने गार्डन में ढेर सारे पेड़ पौधे लगाते हैं, किचन गार्डन से लेकर शो प्लांट और तरह–तरह के पेड़ पौधे लगाए हुए हैं. पेड़ पौधों की देखभाल एकदम छोटे बच्चों की तरह करनी पड़ती है, जिन्हें समय–समय पर पानी देना होता है, खाद डालनी होती है और उनकी कटाई छटाई भी जरूरी होती है.

लेकिन क्या आप जानते हैं कि गार्डनिंग करने से 6 बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है, तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि कैसे आप इन बीमारियों से बच सकते हैं और किस तरह से अपने गार्डनिंग टाइम को मजेदार और सुरक्षित बना सकते हैं. टिटनेसमिट्टी और गंदगी में टिटनेस बैक्टीरिया (क्लॉस्ट्रिडियम टेटनी) पाया जाता है, जो पेड़–पौधे लगाने के दौरान त्वचा में चोट लगने पर शरीर में जा सकता है. इससे बचने के लिए बागवानी के दौरान हमेशा दस्ताने पहनें और तेज धार वाले उपकरणों से सावधान रहें. टिटनेस वैक्सीन समय पर लें और यदि कट या चोट लगे तो तुरंत साफ करें और मरहम लगाएं.2.



लेप्टोस्पायरोसिसयह बैक्टीरिया गंदे पानी, खासकर पालतू जानवरों या चूहों के पेशाब से संक्रमित पानी में पाया जाता है. गार्डनिंग करते समय रबर के दस्ताने और गम बूट्स पहनें, साफ पानी का उपयोग करें और अपने बगीचे में पानी का ठहराव न होने दें.3. फंगल संक्रमण (रिंगवर्म)रिंगवर्म फंगस संक्रमित मिट्टी या पौधों में पाया जाता है और स्किन से कॉन्टैक्ट होने से संक्रमण फैलता है. इससे बचने के लिए हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाले दस्ताने पहनें. यदि स्किन पर कोई खुजली या रैश हो, तो तुरंत एंटी–फंगल क्रीम लगाएं. एलर्जी और अस्थमा के लक्षणपौधे लगाते समय परागकण, फंगस के बीजाणु और धूल से एलर्जी हो सकती है. ऐसे में गार्डनिंग करते समय मास्क पहनें, खासकर अगर आप धूल भरे या फूलों वाले पौधों के बीच काम कर रहे हों. इसके बाद तुरंत नहाएं और कपड़े बदलें.5. जिआर्डिएसिसयह परजीवी पानी में पाया जाता है और गंदे हाथ या पानी के माध्यम से शरीर में जा सकता है. इससे बचने के लिए बागवानी के बाद हाथों को अच्छी तरह साबुन और पानी से धोएं. 6. बैक्टीरियल इन्फेक्शन(सेप्सिस) मिट्टी में पाए जाने वाले विभिन्न बैक्टीरिया,

# विक्की कौशल की नई फिल्म महाअवतार का ऐलान, चिरंजीवी परशुराम बने अभिनेता

अभिनेता विक्की कौशल सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में हैं और हों भी क्यों न, उनकी नई फिल्म महाअवतार की घोषणा जो हो गई है।अभी तक केवल रिपोर्ट्स में यह बात सामने आ रही थी कि विक्की स्त्री 2 के निर्माता–निर्देशक दिनेश विजान और अमर कौशिक की अगली फिल्म में नजर आएंगे और अब इस फिल्म का ऐलान हो गया है।इसके नाम के साथ–साथ इससे विक्की की चिंरजीवी परशुराम के रूप में पहली झलक भी सामने आई है।विक्की की नई फिल्म का नाम महाअवतार है। फिल्म से उनकी दमदार झलक भी सामने आ गई है और यकीनन आपने उनका ऐसा अवतार पहले कभी नहीं देखा होगा।मैडॉक फिल्म्स ने इसका ऐलान कर ट्वीट किया, दिनेश विजान ने धर्म के शाश्वत योद्धा की कहानी को जीवंत किया है। इसका निर्देशन अमर कौशिक कर रहे हैं। महाअवतार में विक्की को चिरंजीवी परशुराम की भूमिका में देखा जाएगा। ये क्रिसमस के मौके पर साल 2026 में सिनेमाघरों में आएगी।हॉरर यूनिवर्स के निर्माता दिनेश के साथ काम करने के लिए और भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाने के लिए विक्की बेहद उत्साहित हैं। हिंदू पौराणिक कभा में भगवान हनुमान और अश्वत्थामा समेत जिन चिरंजीवियों का जिक्र है, परशुराम भी उनमें से एक हैं। परशुराम की कथा रामायण और महाभारत दोनों में है, जिसका विस्तार उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक है।ऐसे में अब विक्की को इस किरदार में देखना दिलचस्प होने वाला है।पोस्टर देख ज्यादातर लोगों ने विक्की के लुक की तारीफ की है। एक यूजर ने लिखा, आखिरकार विष्णु का मेरा पसंदीदा अवतार सिनेमाई होने जा रहा है। आपसे बेहतरीन परिणाम की उम्मीद है।एक ने लिखा, विक्की फिल्म के हीरो हैं, मतलब यह कि आप निराश हो ही नहीं सकते।एक लिखते हैं, आग लग जाएगी भाई। कुछ लोगों ने लिखा कि लुक तो जबरदस्त है, पर ध्यान से बनाना। बस कहीं इसका आदिपुरुष वाला हाल न हो जाए। विक्की इन दिनों अपनी आगामी फिल्म छावा को लेकर भी खूब चर्चा में हैं। इसमें विक्की की जोड़ी पहली बार रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।इसके अलावा विक्की के पास संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर भी है। इसमें उनके साथ आलिया भट्ट और रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।राजकुमार हिरानी के साथ भी विक्की ने हाल–फिलहाल में एक फिल्म साइन की है।

# रवि तेजा की 75वीं फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा, 9 मई 2025 को रिलीज होगी मास जथारा, नया पोस्टर जारी



अपने नए प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान कंधे में लगी चोट के कारण रवि तेजा फिलहाल एक्शन से दूर हैं। वे अपनी 75वीं फिल्म पर काम कर रहे थे, जिसका निर्देशन समाजवरगमना के भानु भोगवरपु कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी होने वाली है और दिवाली के शुभ अवसर पर निर्माताओं ने फिल्म के शीर्षक का खुलासा किया और रवि तेजा के प्रशंसकों को बहुत प्रभावित किया।आरटी75 का नाम अब मास जथारा रखा गया है, जो फिल्म की थीम के हिसाब से एक धमाकेदार नाम है। एक नया पोस्टर भी जारी किया गया, जिसमें रवि तेजा को जीवंत, मस्ती भरे अवतार में दिखाया गया है। मशहूर प्रोडक्शन हाउस, सिथारा एंटरटेनमेंट्स, इस फिल्म को बड़े बजट पर बना रहा है। उन्होंने इस फिल्म पर बहुत पैसा खर्च किया है, जिसकी थीम बहुत मनोरंजक है।यह रवि तेजा का निर्माता नागा वामसी के साथ पहला सहयोग है, जिससे यह और भी दिलचस्प हो गया है, खासकर इसलिए, क्योंकि रवि तेजा अपनी जन–आकर्षक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं और भानु भोगवरपु समाजवरगमना की सफलता के बाद अपना सर्वश्रेष्ठ देने की तैयारी में हैं। इस फिल्म में श्री विष्णु मुख्य भूमिका में थे और इसने युवा अभिनेता के करियर को बड़े पैमाने पर बदल दिया।इसके अलावा निर्माताओं ने घोषणा की है कि मास जथारा 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। इसका मतलब है कि निर्माताओं के पास फिल्म की रिलीज से पहले अपनी फिल्म का प्रचार करने के लिए पर्याप्त समय है। भानु भोगवरपु और निर्माताओं को पूरा भरोसा है कि रवि तेजा इस फिल्म के साथ दमदार वापसी करेंगे।श्रीलीला मुख्य भूमिका में हैं। यह रवि तेजा के साथ उनकी दूसरी फिल्म है। विधु अय्याना इस मजेदार एक्शन–ड्रामा की सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं। यह फिल्म फॉर्च्यून फोर सिनेमा द्वारा सह–निर्मित और श्रीकारा स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत की गई है। लगातार फ्लॉप फिल्मों का सामना कर रहे रवि तेजा को उम्मीद है कि वे मास जथारा के साथ दमदार वापसी करेंगे। फिल्म को लेकर काफी उम्मीदें हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि यह प्रचार के मुताबिक सफल होती है या नहीं।

# सिंघम अगेन की दहाड़ में नही रहा दम, चंद करोड़ कमाना भी हुआ मुश्किल, फिल्म पर मंडराया फ्लाप होने का खतरा



अजय देवगन की सिंघम अगेन की शुरुआत काफी धमाकेदार हुई थी जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई करेगी. हालांकि सॉलिड ओपनिंग के बाद से फिल्म की कमाई हर दिन गिरती देखी गई. पहले हफ्ते में ही ये फिल्म सिंगल डिजिट में सिमट गई थी. हालांकि दूसरे वीकेंड पर इसने फिर रफ्तार बढ़ाई और 200 करोड़ का आंकड़ा भी पार कर लिया था.लेकिन अब दूसरे हफ्ते में पहुंचने के बाद सिंघम अगेन फुस्स होती हहुई नजर आ रही है. दूसरे मंडे को फिल्म 5 करोड़ की कमाई भी नही कर पाई थी. चलिए यहां जानते हैं सिंघम अगेन का दूसरा मंगल भारी रहा या संकट हारी रहा?रोहित शेट्टी निर्देशित सिंघम अगेन ने दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दी थी. रिलीज के पहले दिन इसकी दहाड़ से बॉक्स ऑफिस हिल गया था. फिल्म का कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से क्लैश हुआ था. ओपनिंग डे पर अजय देवगन स्टारर फिल्म ने कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी से काफी ज्यादा कलेक्शन किया था. लेकिन अब सिंघम अगेन पर भूल भुलैया 3 भारी पड़ रही है.जहां कार्तिक की फिल्म अपना बजट वसूल कर मुनाफा कमा रही है तो वहीं सिंघम अगेन की बॉक्स ऑफिस पर लुटिया डूब गई है. हर दिन घटती कमाई के चलते इस पर फ्लॉप का खतरा मंडरा रहा है. सिंघम अगेन रिलीज के दूसरे हफ्ते में पहुंच गई है लेकिन ये अपनी लागत (350 करोड़) वसूलने से अभी काफी दूर है.सिंघम अगेन के अब तक के कलेक्शन की बात करें तो इस फिल्म ने पहले हफ्ते में 173 करोड़ कमाए थे. फिर सेकेंड फ्राइडे फिल्म ने 8 करोड़, दूसरे शनिवार 12.25 करोड़, दूसरे रविवार 13.5 करोड़ और दूसरे सोमवार 4.25 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब सिंघम अगेन की रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक सिंघम अगेन ने रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 3.17 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ सिंघम अगेन की 12 दिनों की कुल कमाई अब 214.17 करोड़ रुपये हो गई है.सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण जैसे दिग्गज कलाकारों की फौज है और यहां तक कि सलमान खान का कैमियों भी है बावजूद इसके सिंघम अगेन दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचकर लाने में फेल साबित हो रही है.वहीं अब इस फिल्म के पास बॉक्स ऑफिस पर कमाई के बस दो ही दिन बचे हैं दरअसल सिनेमाघरों में अब सूर्या और बॉबी देओल स्टारर कंगुवाा्य रिलीज होने जा रही है. ये मच

अवेटेड फिल्म 14 नवंबर को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी. फिल्म को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है ऐसे में सिंघम अगेन के लिए अब श्कंगुवाा्य के आगे टिकना मुश्किल लग रहा है.

# द साबरमती रिपोर्ट का गाना तेरे मेरे दरमियान जारी, रिश्तों में उलझे विक्रांत मैसी–बरखा



द साबरमती रिपोर्ट इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विक्रांत मैसी एक बार फिर धीरज सरना की द साबरमती रिपोर्ट के साथ बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। फिल्म का दर्शकों को भी बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जार किया था, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। वहीं, अब निर्माताओं ने लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए इसका गाना भी जारी कर दिया है।दो सप्ताह पहले फिल्म का पहला गाना राजा राम रिलीज हुआ था। अब पहला गाना रिलीज होने के बाद इसका नया गाना तेरे मेरे दरमियान रिलीज किया गया। इस गाने में विक्रांत मैसी और बरखा सिंह एक भावनात्मक संघर्ष में फंसे हुए हैं। इस रोमांटिक ट्रैक को अखिल सचदेवा ने गाया और कंपोज किया है।विक्रांत मैसी ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, कभी–कभी सबसे कठिन यात्राएं हमें वह बनाती हैं, जो हम हैं। इस गाने को फैंस भी पसंद कर रहे हैं। साथ ही वे कमेंट सेक्शन में अपनी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। वहीं, हाल ही में जारी हुए ट्रेलर में फिल्म की कहानी की झलक देखने को मिली थी। इसमें राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा भी हैं।बालाजी पिक्चर्स द्वारा निर्मित और धीरज सरना द्वारा निर्देशित द साबरमती रिपोर्ट गुजरात के गोधरा कांड पर आधारित है और साबरमती एक्सप्रेस में आग लगने की दुखद कहानी बताती है। यह घटना 27 फरवरी, 2002 की सुबह घटी, जब साबरमती एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई और अयोध्या से वापस आ रहे 59 तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की मौत हो गई। यह भारतीय इतिहास और राजनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण था और हाल के इतिहास में एक अत्यधिक विवादास्पद अध याय रहा है, जिसके कारण कई दुखद घटनाएं हुईं, जिन्होंने देश के सामाजिक ताने–बाने को कई तरह से बदल दिया। विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अनुष्का सेन ने समझाया फैशन का मतलब है अभिव्यक्ति



अभिनेत्री अनुष्का सेन के लिए फैशन के मायने स्?टाइलिश कपड़ों से कहीं बढ़कर है। उनके हिसाब से यह खुद को व्?यक्?त करने का तरीका है।नव्या नंदा के एंटरप्रेनारी और अबू संदीप के गुलाबो द्वारा आयोजित फैशन शो में अनुष्का ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट में नजर आईं। उन्?होंने अपने लुक को फ्री–फ्लोइंग बोहेमियन श्रग से पूरा किया।अनुष्का ने कहा, मैं एंटरप्रेनारी बाय नव्या नंदा और गुलाबो बाय अबू संदीप शोकेस के लिए पहली बार रैंप पर चलने को लेकर उत्साहित थी और इनकी आभारी भी हूं। मेरे लिए फैशन कपड़ों से इतर है। यह अपने आप को व्?यक्?त करने का अच्?छा तरीका है यानि ये बताने का कि हम कौन हैं।अभिनेत्री ने कहा कि वह सही अवसर और पल का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम एक सपने के सच होने जैसा था, खासकर इसलिए क्योंकि यह महिला उद्यमियों की मदद करने के लिए था। इसका एक और कारण भी था और वो था अबू जानी संदीप खोसला के लिए वॉक करना, जो मेरे पसंदीदा डिजाइनर्स हैं। अनुष्का ने अमिताभ बच्चन की पोती नव्या के साथ अपनी मुलाकात को एक शानदार अनुभव बताया।मैंने पूरे दिल से उस पल को अपनाया और उस अद्भुत अवसर के लिए मैं आभारी हूं। नव्या से मिलना मेरे लिए एक शानदार अवसर था।इस महीने की शुरुआत में अनुष्का ने सोशल मीडिया पर दुर्गा पूजा से एक शानदार फोटो शेयर की थी। वह साड़ी और बड़े झुमके में बहुत खूबसूरत लग रही थीं।उन्होंने साड़ी में अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसका शीर्षक था, दुर्गा पूजा 2024। अनुष्का सेन एक भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री हैं, जिन्हें बाल कलाकार के तौर पर काफी लोकप्रियता मिली। उन्हें हाल ही में दक्षिण कोरियाई पर्यटन के लिए आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।उन्होंने 2009 में भारतीय टेलीविजन पर यहाँ मैं घर घर खेली शो से अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने देवों के देव... महादेव में बाल पार्वती की भूमिका निभाई थी। 2012 में, उन्होंने टीवी शो बालवीर में मेहर के अपने किरदार से लोगों का दिल जीत लिया था। इसके अलावा, उन्होंने खूब लड़ी मर्दानी – झांसी की रानी थी में मणिकर्णिका का किरदार निभाया। अनुष्का वेब सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा में भी नजर आ रही है।

यह तीन दोस्तों की जिंदगी की कहानी है, जो प्राइम वीडियो पर भी स्ट्रीम हो रही है। उन्होंने हाल ही में क्रश नामक एक अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट पर काम किया, जिसमें उन्होंने ओलंपिक रजत पदक विजेता किम ये जी के साथ अभिनय किया है।

# बाक्स आफिस पर भूल भुलैया 3 का जादू बरकरार, 12वें दिन अजय देवगन की इस फिल्म को दी मात

दिवाली के मौक पर सिनेमाघरों में अजय देवगन की एक्शन थ्रिलर सिंघम अगेन से क्लैश के बावजूद कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी श्भूल भुलैया 3य ने बॉक्स ऑफिस पर धमला मचाया हुआ है. फिल्म को दर्शकों से भरपूर प्यार मिला है और इसी के साथ श्भूल भुलैया 3य रिलीज के पहले दिन से अब तक बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट बटोर रही है. यहां तक कि इसने अजय देवगन की सिंघम अगेन को भी धूल चटा दी है. चलिए यहां जानते हैं श्भूल भुलैया 3य ने रिलीज के 12वें दिन कितना कारोबार किया है?श्भूल भुलैया 3य में रूह बाबा और मंजुलिका का भिडंत दर्शकों को बेहद पसंद आई है. इसी के साथ ये फिल्म दूसरे हफ्ते में भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी सहित कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है. श्भूल भुलैया 3य अब तक कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है. जहां ये कार्तिक आर्यन के करियर की सबसे बड़ी ओपनर बनी तो वहीं ये फिल्म एक्टर के करियर की पहली 200 करोड़ी फिल्म भी बन गई है. वहीं श्भूल भुलैया 3य अपना बजट भी वसूल कर चुकी है और अब तगड़ा मुनाफा कमा रही है.फिल्म की कमाई की बात करें तो श्भूल भुलैया 3य ने पहले दिन 35.5 करोड़ की धांसू कमाई के साथ खाता खोला था. इसके बाद फिल्म ने पहले हफ्ते में 158.25 करोड़ कमाए. वही दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 9.25 करोड़, दूसरे शनिवार 15.5 करोड़, दूसरे रविवार 16 करोड़ और दूसरे मंगलवार 5 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्भूल भुलैया 3य ने 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 4.25 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ श्भूल भुलैया 3य की 12 दिनों की कुल कमाई अब 208.25 करोड़ रुपये हो गई है. श्भूल भुलैया 3य बॉक्स ऑफिस पर मजबूती से टिकी हुई है. हालांकि दूसरे मंगलवार फिल्म की कमाई में गिरावट भी देखी गई लेकिन अब ये मुनाफा ही कमा रही है. वहीं श्भूल भुलैया 3य ने 12वेंदिन 208.25 करोड़ की कमाई के साथ अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म गोलमाल अगेन के 205. 69 करोड़ रुपये के लाइफटाइम कलेक्शन को भी मात दे दी है. अब देखने वाली बात होगी कि सूर्या और बॉबी देओल स्टारर कंगुवा की रिलीज के बाद कार्तिक आर्यन की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म कर पाती है.

# रिवीलिंग लहंगा पहन सोनल चौहान ने दिखाई दिलकश अदाएं, जन्नत गर्ल की लेटेस्ट फोटोज ने इंटरनेट का पारा किया हाई



जन्नत गर्ल सोनल चौहान बॉलीवुड की फेमस अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो साल 2008 में जन्नत फिल्म से लोगों के बीच काफी पॉपुलर हुई थीं। इसके अलावा भी एक्ट्रेस कई फिल्मों में नजर आईं। इन दिनों भले ही एक्ट्रेस किसी भी फिल्म में काम नहीं कर रही हैं, लेकिन आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनल चौहान आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस सोनल चौहान ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सोनल चौहान ने गोल्डन कलर का रिवीलिंग लहंगा पहना हुआ है, जिसमें वो कातिलाना अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।ओपन हेयर को वेवी स्टाइल में लुक कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सोनल चौहान ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।सोनल चौहान ने इनडोर फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ री हैं।सोनल चौहान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

# आस्कर पहुंचते ही बदला लापता लेडीज का नाम, बदलकर हुआ लास्ट लेडीज

पिछले साल कई फिल्में रिलीज हुईं। कई बड़े बजट की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी, वहीं कुछ छोटे बजट में बनी फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया।साल 2023 में लापता लेडीज नाम की भी एक फिल्म आई, जिसे भले ही सिनेमाघरों में दर्शक नसीब नहीं हुए, लेकिन ओटीटी पर यह फिल्म इतनी पसंद की गई कि दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ऑस्कर की दावेदार बन गई।अब इस फिल्म का नाम बदल दिया गया है।किरण राव के निर्देशन में बनी लापता लेडीज साल 2025 के लिए भारत की तरफ से ऑस्कर की आधिकारिक एंट्री है।फिल्म के निर्माता आमिर खान और निर्देशक किरण ने ऑस्कर अवॉर्ड्स से पहले फिल्म को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर जमकर प्रचार करने का फैसला किया है।इसके लिए दोनों ने फिल्म का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया पर साझा किया है नए पोस्टर में फिल्म का नाम लापता लेडीज से बदलकर लॉस्ट लेडीज हो गया है। आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडथ्या पर फिल्म का नया पोस्टर साझा किया है। उधर किरण ने भी प्रशंसकों को यह जानकारी दी है। पोस्ट में लिखा गया है, इंतजार खत्म हुआ। ये रहा फिल्म लॉस्ट लेडीज का आधिकारिक पोस्टर। फूल और जया के सफर की एक झलक।



विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी में मरम्मत कार्य का किया गया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बसन्तपुर, वि.ख.बांसी में भवन प्लास्टर, फर्श मरम्मत एवं टाइलीकरण आदि कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय कुमार कार्तिकेय मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी, बांसी व प्रभारी चिकित्साधिकारी, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे केन्द्र भवन में आवश्कतानुसार प्लास्टर मरम्मत एवं टाइलीकरण कार्य कराया जाना है भवन में सीलिंग होने तथा प्लास्टर पर गन्दगी होने के पाए गए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पुताई कराते समय पुराना पेन्ट एवं खराब प्लास्टर निकालकर पुट्टी का प्रयोग करते हुए पेन्टिंग कार्य कराना सुनिश्चित करें भवन के छत पर सीलन एवं अत्याधिक गन्दगी पायी गयी जिसकी सफाई करते हुए वर्षा का पानी के लिए निकासी पाइप लगाने के निर्देश दिये गये। जिससे भवन में सीलन न हो सके शौचालय में अत्यधिक गन्दगी पाया गया जिसकी नियमित सफाई करने के निर्देश दिया गया स्वास्थ्य केन्द्र पर लेबर रूम, कोल्ड चौन तथा मेडीसीन स्टोर रूम आदि का निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी, बांसी को आवश्यक निर्देश दिया गया पीछे के तरफ पुराना उपकरण, निष्प्रयोज्य बेड आदि समान रखा गया जिसे नियमानुसार विडिंग करने के निर्देश दिया गया ।



## पूर्व माध्यमिक विद्यालय का मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड बांसी के ग्राम पंचायत नवेइल में पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान शिक्षक गण एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति पंजिका को देखा गया नामाकंन के सापेक्ष उपस्थित कम पाया गया प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि अध्यापक की संख्या कम है निर्देशित किया गया कि बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावक से वार्तालाप करें तथा नियमित रूप से ग्राम में भ्रमण करें विद्यालय में एम.डी.एम. में बनाया गया, परंतु सैंपल नहीं रखा गया है रसोइए को एप्रन एवम हेड कैप का प्रयोग करने के निर्देश दिया गया प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि जिन बच्चो के अभिभावक के खाते में ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने हेतु धनराशि प्रेषित किया गया है, ऐसे अभिभावको को जागरूक करते हुए क्रय कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया निपुण के सम्बन्ध में वार्तालाप किया गया विद्यालय में महात्मा नरेगा योजना के अन्तर्गत ड.क.ड. शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।



## दरोगा समेत आठ पुलिसकर्मियों के विरुद्ध दर्ज होगी एफआईआर

सोनभद्र(आरएनएस)। चार माह पूर्व रौप घसिया बस्ती में दलित महिलाओं की बेरहमी से पिटाई करने, जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित करने, घर में घुसकर तोड़फोड़ कर सामान नष्ट करने, नगदी रुपया लूटने, शिकायत करने पर इनकाउंटर करने की धमकी दिए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससीध्एसटी एक्ट आबिद शमीम की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए तत्कालीन चुर्क चौकी इंचार्जध् एसआई कमल नयन दुबे समेत आठ पुलिसकर्मियों के विरुद्ध रॉबर्ट्सगंज कोतवाल को मुकदमा दर्ज कर पुलिस अधिकारी से विवेचना कराने का आदेश दिया है। उक्त आदेश मुनिया पत्नी कुमार घसिया निवासी रौप घसिया बस्ती, थाना कोतवाली रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र द्वारा अधिवक्ता रोशन लाल यादव के जरिए दाखिल धारा 175(3) बीएनएसएस प्रार्थना पत्र पर दिया है। दलित महिला ने आरोप लगाया है कि 12ध13 जुलाई की रात 2 बजे तत्कालीन चुर्क चौकी इंचार्ज ध् एसआई कमल नयन दुबे और 7 की संख्या में पुलिसकर्मी बर्दी में अचानक घसिया आदिवासी बस्ती में लाठी लेकर घुस आए और घर के अंदर सोते समय घसीटते हुए बाहर लाकर लाठी से पीटने लगे। चिल्लाने की आवाज सुनकर उसे बचाने आई करीब आधा दर्जन दलित महिलाओं को भी बेरहमी से पिटाई की और उनके साथ छेड़छाड़ भी किया। इतना ही नहीं करीब एक दर्जन महिलाओं के घरों में घुसकर लाठी से पीटकर सामान भी तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया। इसके अलावा लड़की के शादी का 10 हजार रुपया भी आलमारी तोड़कर पुलिसवाले निकाल ले गए। दरोगा कमल नयन दुबे और पुलिसकर्मियों ने जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित किया। जाते समय यह धमकी दिया कि अगर कहीं शिकायत किया तो इनकाउंटर कर दिया जाएगा। घटना की सूचना रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में देने जाने पर वहां से भगा दिया गया और घायलों का दवा इलाज भी नहीं कराया। 19 जुलाई को घायल महिलाओं ने अपना दवा इलाज कराया। 20 जुलाई को रजिस्टर्ड डाक से एसपी सोनभद्र को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। कोई कार्रवाई न होने पर 26 जुलाई को न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने संज्ञेय व गम्भीर प्रकृति का अपराध मानते हुए उपरोक्त आदेश दिया है।

## पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में किया गया बैठक का आयोजन।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबध में मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत सोलर रूफटाप लगवाएं इस योजना का प्रचार–प्रसार करने हेतु सभी विद्युत सब स्टेशनों पर बैनरध्वाल पेन्टिंग कराने का निर्देश दिया नगर पालिकाध्नगर पंचायतों के वाहनों पर पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार–प्रसार का पेन्टिंग कराये पम्पलेट, होर्डिंग्स,



वाल पेन्टिंग कराने का भी निर्देश दिया गया इस योजना के अन्तर्गत अनुदान भी दिया जा रहा है मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने उपस्थित सचिव व ग्राम प्रधान को निर्देश देते हुए कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी गांव के समृद्ध लोगो को प्रेरित कर सोलर लगवाये मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार ने कहा कि सभी लोगो से अपील करे कि अधिक से अधिक सोलर लाइट का प्रयोग करे पीमसूर्य घर योजना में अप्लाई करे इस कार्य में सभी सचिव अपने पंचायत सहायक को इस कार्य में लगाकर लोगो को प्रेरित कर अधिक से अधिक सोलर लगवाने हेतु प्रोत्साहित करे तथा अवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दे मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने निर्देश दिया कि सचिवध्ग्राम प्रधान का व्हाट्सएप ग्रुप बना ले। इस अवसर पर समस्त डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, अधीक्षण अभियन्ता अजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ज्ञान प्रकाश, परियोजना अधिकारी नेडा राजेश कुमार, अमन त्रिपाठी, अब्दुल खालिक, रमाकान्त उपाध्याय, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान व अन्य संबधित अधिकारी, वेन्डर आदि उपस्थित थे।

# सामाजिक सेवा और बच्चों के हौसले को उड़ान देने का कार्य कर रहे ग्राम महदेवा के प्रधान प्रतिनिधि

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

आज के भागदौड़, बेरोजगारी,महंगाई के जमाने मे जहा लोगो को अपने आप से फुरसत नही है आज आम इंसान केवल अपने बारे में सोचकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर अपने परिवार में जीवन यापन कर रहे है आज के इस परिवेश में जहा लोगो को अपने काम काज से फुरसत नही वही कुछ लोग अपनी भागदौड़ की जिम्मेदारियों से समय निकालकर लोगो के बारे में भी सोच लेते है और जहा आज के दौर में लोग न तो दूसरों की मदत कर पाते और न ही किसी का मनोबल बढ़ाकर उनको सही रास्ता दिखाने का काम करते है वही कुछ ऐसे भी लोग है जो मदत के साथ साथ लोगो का उत्साह बढ़ाकर उनको सही रास्ता दिखाने और उनका भविष्य संवारने के काम कर रहे है।ऐसे ही एक सख्स है नौगढ़ विकास खंड के ग्राम सभा महदेवा के प्रधान प्रतिनिधि सुहेल अहमद जिनकी तारीफ जितनी कि जाए उतना ही कम है सुहेल अहमद प्रधान प्रतिनिधि नही थे तब से लोगो की सेवा और सानिध्य करते आये है उनका ये सिलसिला आज भी कायम है सुहेल अपने ग्राम सभा मे शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों, बालक बालिकाओ को पढ़ने लिखने के लिए उत्साहित करते रहते है अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाते है ग्राम सभा के लोगो के लिए किसी भी समय तैयार रहना इनका स्वभाव है ये कार्य प्रधान होने या बोट के लिए नही



बल्कि ये उनका शौक है अपने ग्राम सभा मे कई तरह के खेल प्रतियोगिता का आयोजन भी इनके द्वारा किया जाता है। आज बालदिवस के अवसर पर भी सुहेल ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया आज के इस अवसर पर स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को उपहार दिया और उनको शिक्षा के महत्व को समझाया आज स्कूल में एक बच्चे का जन्मदिन भी था प्रधान प्रतिनिधि सुहेल ने बड़े धूम धाम से बच्चे का जन्मदिन मनाया और उसके लंबी उम्र की कामना की इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक, ग्रामीण,एवं बच्चे के अभिभावक मौजूद रहे उन्होंने सुहेल के सामाजिक कार्य की सराहना की।

## आश्रम पति विद्यालय उरमौरा का किया निरीक्षण

सोनभद्र(आरएनएस)। राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने बुधवार को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय उरमौरा का निरीक्षण की, निरीक्षण के दौरान सदस्य ने बालिकाओं को उपलब्ध कराये जा रहे शिक्षण सामग्री, पाठ्य पुस्तक एवं खान–पान व्यवस्था व छात्राओं से पठ्न–पाठन के सम्बन्ध में सीधा संवाद कर जानकारी ली और शिक्षकगणों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस मौके पर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी राबर्ट्सगंज, प्रोवेशन अधिकारी इन्द्रावती कुमारी, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे,वन स्टॉप सेंटर केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह, गायत्री दूबे, महिला थाना रावर्टसगंज प्रभारी सविता सरोज, राजकिय आश्रम पद्धति विद्यालय उरमौरा प्रधानाचार्य कल्पना सिन्हा, हेमलता मिश्रा, जोहरा फातिमा, शिल्पी श्रीवास्तव, कुसुम यादव, पूजा गौतम, पूनम, सुषमा, पिकल सिंह, बंदना सिंह, बंदना मौर्य, साधना यादव, आकांक्षा पाण्डेय, नूरसभा आदि उपस्थित रहें।

# विकास खंड शोहरतगढ़ में निर्माणाधीन पार्क,का किया गया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड शोहरतगढ़ में ग्राम पंचायत नवेइला में महात्मा गांधी नरेगा योजना से निर्माणाधीन पार्क, एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एम.डी.एम शेड निर्माण कार्य निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय कुमार कार्तिकेय मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें। पार्क



का बॉउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य जिला पंचायत द्वारा कराया जाना रहा है स मनरेगा योजना से मिट्टी पटाई एवं समतलीकरण व अन्य कार्य ककराया जाना है स पार्क का सम्पर्क मार्ग निर्माण करने के निर्देश दिए गए ग्राम पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में ड.क.ड. शेड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है स जिसका कार्य छत स्तर तक पूर्ण है स बेंच लगने व अन्य कार्य प्रगति पर है स खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित मानक के अनुसार कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें ।

## डीएवी पब्लिक स्कूल रिहंद में दो दिवसीय ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

बीजपुर(सोनभद्र) (आरएनएस)डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में बाल दिवस के अवसर पर ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी रिहंदनगर परियोजना प्रमुख पंकज मेदिरत्ता एवं वर्तिका महिला मंडल की अध्यक्षा अनीता मेदिरत्ता का स्वागत विद्यालय की छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चंदन लगाकर किया। तत्पश्चात प्राचार्य राजकुमार ने करतल ध्वनि के बीच पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। उसके बाद मुख्य अतिथि द्वय ने दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काट कर ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों की लोककला चित्रण,पॉट डेकोरेशन, इलेक्ट्रोप्लेटिंग, हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर, हीमोडायलिसिस, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, लेजर सिक्योरिटी, स्वरचित कविताएं,ऑर्गन्स आफ स्पीच,फोनिमिक्स,त्रिकोणमिति पार्क,मेजर लैंडफार्म्स, चंद्रयान, नये संसद का मॉडल,अयोध्या का राम मंदिर, इंडस्ट्री के प्रकार, उपभोक्ता अधिकार, बैडमिंटन कोट, संगीत के वाद्ययंत्रों का मॉडल,विराम चिन्ह का मॉडल आदि के साथ अनेकानेक वर्किंग मॉडल एवं पेंटिंग्स का शानदार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य लालसा साह,श्रीमती ममता साह,सीआईएसएफ के अग्निशमन सेवा इंस्पेक्टर राधेश्याम,एसएचओ अखिलेश मिश्रा,अनिल त्रिपाठी डोड़हर ग्राम प्रधान छत्रपाल,संजय कुमार आदि के साथ सैकड़ो अभिभावक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम बाल दिवस से प्रारंभ होकर कार्तिक पूर्णिमा तक दो दिवसीय चलेगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज मेदिरत्ता ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से विद्यार्थियों में रचनात्मकता का विकास होगा एवं वैज्ञानिक प्रतिभा निखर कर सामने आएगी।प्राचार्य राजकुमार ने कहा कि बाल दिवस के अवसर पर ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग से भाग लिया। संचालन विद्यालय की हेड गर्ल दीक्षा दुबे ने किया।

## ड्यूटी के लिए जगाने गए पीआरडी जवान को दरोगा ने गाली देते हुए दी गोली मार देने की धमकी

मीरजापुर(आरएनएस)। ड्यूटी के लिए जगाने गए एक पीआरडी जवान को दरोगा ने गाली देते हुए गोली मार देने की धमकी दी है. आरोप है कि नींद से जगाने से खफा दरोगा राकेश सिंह ने पीआरडी जवान को से गाली गलौज भी की है। पीड़ित जवान फूलचंद्र का आरोप है, दरोगा राकेश सिंह ने गाली गलौज कर गोली मारने की धमकी दी. पीआरडी जवान का आरोप थाना प्रभारी, एएसपी से शिकायत के बावजूद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई. पीड़ित पीआरडी जवान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। मामला मिर्जापुर जिले के अहरौरा थाने का बताया जा रहा है। पीड़ित जवान ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अभिनंदन से शिकायत दर्ज कराई है पीआरडी जवान विनय कुमार सिंह पुत्र फूलचन्द्र सिंह निवासी ग्राम मठना, विकास खण्ड जमालपुर का आरोप है कि उसकी ड्यूटी थाना अहरौरा में 4 से 12 तक चल रहा है. 11 नवंबर 2024 सोमवार को ड्यूटी आने के उपरान्त उनकी ड्यूटी रिर्जव में थाना पर मूल्जीम ड्यूटी पर लगाई गई थी. रात्रि लगभग 11रू48 पर कार्यालय से ड्यूटी मूंशी कास्टेबल सतीश कुमार द्वारा उससे श कहा गया कि आप जा कर जल्दी से सभी एसआई, एसएसआई को बेचू बीर मेला में जाने के लिए जगा कर कह दिजिए तैयार होने को. जिसके बाद वह एसएसआई राकेश सिंह को जगाने के लिए दरवाजे पर जा कर आवाज लगाई तो उसे मां–बहन की भद्दी–भद्दी गालियों देते हुए दरवाजा खोले तथा हमें भाग जाने के लिए कहा कि श्भाग जा नहीं तो गोली मार दूंगा. पीड़ित पीआरडी जवान ने भय भरें माहौल में ड्यूटी करने में असमर्थता जताते हुए कहा है कि उसके जान को खतरा है. जिसकी वजह से वह ड्यूटी पर भी नहीं जा पा रहा है. पीआरडी जवान का आरोप है कि इस सम्बन्ध में थाना अहरौरा के एसएचओ बृजेश सिंह व एडिशनल एएसपी को उसी रात में 11.55 पर दूरभाष के जरिए सूचना भी दिया था, लेकिन अभी तक इस सम्बन्ध में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है।

# बाबा शेर नाथ के वार्षिक श्रृंगार अवसर पर सामूहिक विवाह में दो जोड़ो ने लिए फेरे

मीरजापुर(आरएनएस)। बाबा शेर नाथ का वार्षिक श्रृंगार एवं सामूहिक विवाह 14 नवंबर 2024 को धूमधाम से संपन्न हुआ। लोहदी कला स्थित बाबा शेरनाथ का वार्षिक श्रृंगार व सामूहिक विवाह का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विंध्याचल के तीर्थ पुरोहित एवं वरिष्ठ समाजसेवी त्रियोगी मिट्ठू मिश्रा, राष्ट्रवादी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव सुनील कुमार पांडे एडवोकेट, चंदौली सांसद वीरेंद्र सिंह, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, वरिष्ठ व्यापारी नेता रविंद्र सिंह चड्ढा, नसीम खान इत्यादि उपस्थित रहें। सभी ने बाबा शेर नाथ का विधि विधान से दर्शन पूजन किया व सामूहिक विवाह में उपस्थित नव दंपती को आशीर्वाद प्रदान किया। श्रृंगार समारोह एवं सामूहिक विवाह में लोहदी कलां के अलावा चंदईपुर, सिरसी गहरवार, सिरसी बघेल, लोहदी खुर्द, वीर मौआ, अनंतपुर, इटवा, अहमलपुर आदि गांव सहित शहर के लोग भारी संख्या में श्रद्धालु श्रृंगार एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। श्रद्धालु भक्तजनों को श्रृंगार के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक बसंत बहार चौरिटेबल ट्रस्ट के मालिक श्याम बाबू प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि त्रियोगी मिट्ठू मिश्रा का माल्यार्पण का स्वागत किया। संचालन मिर्जापुर सेवा समिति के संयोजक दिलीप सिंह गहरवार एडवोकेट ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि त्रियोगी मिट्ठू मिश्रा ने कहा कि बसंत बहार चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष भगवान का श्रृंगार और सामूहिक विवाह का पुनीत कार्य किया जाता है गरीब कन्याओं के विवाह से बड़ा पुण्य कोई हो ही नहीं सकता। उन्होंने इसके लिए कमेटी को एवं चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम बाबू प्रजापति की सराहना की है।

## अनियंत्रित होकर नहर में पलटी बोलोरो चालक की हुई दर्दनाक मौत

ड्रमंडगंज, मीरजापुर(आरएनएस)र। हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का बोलोरो गाड़ी पलटने से से उसके नीचे दबकर हुई दर्दनाक मौत परिजनों में मचा कोहराम जानकारी के अनुसार हलिया थाना क्षेत्र हलिया गांव के महादेव मुहल्ला निवासी राम अचल मौर्या का 24 वर्षीय पुत्र वासु मौर्या बुधवार की 11 बजे के लगभग देर रात महादेव मुहल्ला स्थित अपने निजी निवास घर से बोलोरो गाड़ी लेकर स्वयं चलाते हुए हथेड़ा गांव स्थित अपने पाही वाले घर पर जा रहा था जैसे ही वह हलिया ददरी रोड नहर के पास पहुचा हि था कि अनियंत्रित होकर बोलोरो गाड़ी नहर में पलट गई जिसके नीचे दबकर चालक की दर्दनाक मौत हो गई गुरुवार की सुबह जब ग्रामीण सौच के लिए नहर की तरफ गये तो देखा कि एक बोलोरो गाड़ी नहर में पलटी है जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा डायल 112 और थाना प्रभारी निरीक्षक हलिया को दी सूचना मिलते हि मय फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने बोलोरो गाड़ी को सीधा कराते हुए उसके नीचे दवे शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए

पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था जो अविवाहित था माता राजकुमारी का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बोलोरो गाड़ी पलटने से उसके नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की बिधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बूथों के चुनाव हेतु नगर में आयोजित हुई कार्यशाला

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा की अध्यक्षता में एवं मंडल चुनाव प्रभारी रमेश सिंह के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष के चुनाव के दृष्टिगत नगर मंडल की कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला को संबोधित करते हुए देवरिया नगर मंडल के चुनाव अधिकारी रमेश सिंह ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी और राष्ट्रवादी पार्टी के रूप में भाजपा ने अपना स्थान पूरे विश्व में बनाया है ऐसे में हमे गर्व की अनुभूति होती है कि हम सब ऐसी पार्टी के सदस्य हैं । उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सब लोग जानते हैं कि वर्तमान समय में संगठन का पुनर्गठन होने वाला है जिसमें बूथ से लेकर शक्तिकेंद्र, मंडल और जिला स्तर तक के पदाधिकारियों का चयन होना है । भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव तत्पर रहता है, मुझे उम्मीद है कि इस बार भी ऐसे समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं का हमे सहयोग प्राप्त होगा । पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही ने कहा कि देश



में बहुत सी पार्टियां हैं लेकिन नियमित रूप से पार्टी के संविधान का पालन सिर्फ भाजपा ही करती है। उन्होंने कहा कि हर 3 वर्ष पर पार्टी के पदाधिकारियों का चुनाव होता है और 6 साल के लिए पार्टी की सदस्यता की जाती है, यह पार्टी की अपनी संवैधानिक प्रक्रिया है । नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा ने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है और पार्टी के कार्यकर्ताओं का चुनाव भी लोकतांत्रिक तरीके से सम्पन्न कराई जाएगी । कार्यशाला का संचालन नगर महामंत्री सुधीर मद्धेशिया ने किया । इस अवसर पर भाजपा नेता कृष्ण नाथ राय, प्रेम अग्रवाल, जिला मंत्री निर्मला गौतम, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, गोविंद मणि, महामंत्री दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, बजरंगी मणि, संजू सोनी, नगर मंडल के सभी पदाधिकारी गण शक्ति केंद्र प्रमुख गण एवं प्रभारी गण सारे बूथ अध्यक्ष गण सभी सभासद गण तथा नगर में निवास करने वाले सभी वर्तमान एवं पूर्व क्षेत्र के पदाधिकारी गण जिले के पदाधिकारी गण नगर के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।